दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 331 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर | शनिवार, 04 अक्टूबर 2025 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष द्वादशी संवत् - 2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in  badhatarajasthan@yahoo.com  badhatarajasthan.dainik  badtarajasthan

### एमपी बॉर्डर से 3 दिन की जबर्दस्त चेज़, राजस्थान में 10 क्विंटल गांजे की सबसे बड़ी खेप पकड़ी गई

# एजीटीएफ का मिशन नशा मुक्त राजस्थान: 5 करोड़ का अवैध गांजा ज़ब्त

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में मादक पदार्थों के तस्करों पर एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स और झुंझुनू पुलिस ने करार प्रहार किया है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस दिनेश एम एन के निर्देश पर चली तीन दिन की हाई-वोल्टेज चेज़ के बाद गुरुवार देर रात पुलिस टीम ने एक ट्रक कंटेनर से 1014 किलोग्राम अवैध गांजा जब्त किया, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में कीमत 5 करोड़ रुपये आंकी गई है। मामले में सीकर निवासी दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। एडीजी दिनेश एमएन के निर्देशन और उप महानिरीक्षक पुलिस दीपक भार्गव व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिद्धांत शर्मा के सुपरविजन और पुलिस निरीक्षक सुभाष सिंह के नेतृत्व में गठित टीम के सदस्य एएसआई शंकर दयाल शर्मा व सन्दीप गांधी को गुप्त सूचना मिली थी कि उड़ीसा से गांजा लाकर शेखावाटी क्षेत्र में सप्लाई किया जाना है। इसके बाद झुन्झनू एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय के समन्वय में पूरी कार्रवाई को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया।



### मध्य प्रदेश बॉर्डर से ऑपरेशन चेज़

एजीटीएफ की टीम पिछले तीन दिनों से लगातार इस खेप को ट्रेस कर रही थी। विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिलने के बाद टीम ने मध्य प्रदेश की सीमा झालावाड़ से ही इस ट्रक का पीछा करना शुरू कर दिया था। आसूचना संकलन और तकनीकी संसाधनों का उपयोग करते हुए टीम लगातार ट्रक की लोकेशन ट्रैक कर तस्करों की हर चाल पर नज़र रखी जा रही थी। एडीजी एमएन ने बताया कि यह कड़ी निगरानी तब रंग लाई जब झुंझुनू पुलिस को अलर्ट करने पर उदयपुरवाटी थाना क्षेत्र में ट्रक (RJ 32 GA 8137) को नाकाबंदी कर रोका गया।

### गुप्त तहखाने में छिपा था 10 क्विंटल से अधिक गांजा

ट्रक की तलाशी लेने पर पता चला कि तस्करों ने गांजा छिपाने के लिए एक शातिर तरीका अपनाया था। चालक सीट के ठीक पीछे एक गुप्त स्कीम बनी हुई थी। इसे खोलने पर गांजे के बड़े कट्टे मिले, जिनका कुल वज़न 1014 किलोग्राम हुआ। मौके से दो मादक तस्कर सुभाष गुर्जर पुत्र सांवर मल (23) निवासी जाजोद और प्रमोद गुर्जर पुत्र भंवर लाल (20) निवासी दांतारामगढ़ जिला सीकर को गिरफ्तार किया गया।

### उड़ीसा से तस्करी कर शेखावाटी के बड़े तस्करों को पहुंचानी थी खेप

पूछताछ में सामने आया कि यह खेप ओडिशा से लाई गई थी और शेखावाटी के बड़े तस्कर राजू पचलंगी और गोकुल को सप्लाई की जानी थी। उदयपुरवाटी थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अब इस अवैध कारोबार की फंडिंग, खरीद फरोख्त और तस्करी में शामिल अन्य व्यक्तियों के बारे में गिरफ्तार आरोपियों से गहनता से पूछताछ कर रही है, जिसमें और भी बड़े खुलासे होने की पूरी संभावना है। इस बड़ी कार्रवाई को सफल बनाने में एएसपी एजीटीएफ शर्मा के सुपरविजन और झुंझुनूं एसपी उपाध्याय के समन्वय में कार्य किया गया। एजीटीएफ के पुलिस निरीक्षक सुभाष सिंह तंवर के कुशल नेतृत्व में एएसआई शंकर दयाल शर्मा और हेड कांस्टेबल संदीप गांधी की कार्रवाई में विशेष भूमिका तथा हेड कांस्टेबल कमल सिंह और शशिकांत की तकनीकी भूमिका रही। जयपुर टीम से हेड कांस्टेबल सुरेश कुमार, कांस्टेबल नरेश कुमार, रतिराम, चालक सुरेश कुमार और झुंझुनूं से हेड कांस्टेबल विक्रम सिंह, कांस्टेबल अंकित ओला, सुरेन्द्र काजला, पंकज शर्मा, सुरेश कुमार का सराहनीय सहयोग रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### 2 साल से कम उम्र के बच्चों को नहीं दे खांसी सर्दी की दवा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एक परामर्श जारी कर निर्देश दिया है कि दो साल से कम उम्र के बच्चों को खांसी और सर्दी की दवाइयां नहीं दी जाएं। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) ने परामर्श में कहा कि आमतौर पर पांच साल से कम उम्र के बच्चों के लिए कफ सिरप की सिफारिश नहीं की जाती है। बच्चों में गंभीर खांसी की बीमारियां अधिकतर स्वतः ही ठीक हो जाती हैं और अक्सर दवाइयों के बिना ठीक हो जाती हैं। वृद्ध लोगों के लिए, इनका उपयोग सावधानीपूर्वक नैदानिक मूल्यांकन, गहन निगरानी, उचित खुराक का कड़ाई से पालन आदि पर आधारित होना चाहिए।

### आदित्य साहू झारखंड भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त

**नर्द दिल्ली/रांची।** भाजपा ने शुक्रवार को राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू को भाजपा की झारखंड इकाई का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया। भाजपा ने एक बयान में कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने यह नियुक्ति की है। साहू पूर्व सांसद रवींद्र कुमार रे का स्थान लेंगे।

### CEC व निर्वायन आयुक्तों का बिहार दौरा आज से

**नई दिल्ली।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और निर्वाचन आयुक्त विवेक जोशी और एस एस संधू बिहार में चुनाव तैयारियों की समीक्षा के लिए शनिवार से दो दिनों के लिए पटना का दौरा करेंगे। आयोग राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और शीर्ष पुलिस, प्रशासनिक और राज्य के निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक करेगा। बिहार विधानसभा के चुनाव इस महीने के अंत से नवंबर तक होने की संभावना है।

### चैतन्यानंद 14 दिन की न्यायिक हिरासत में

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने स्वयंभू बाबा चैतन्यानंद सरस्वती को शुक्रवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। दिल्ली पुलिस ने उसे पांच दिन की पुलिस हिरासत अवधि पूरी होने के बाद पटियाला हाउस अदालत में न्यायिक मजिस्ट्रेट अनिमेष कुमार के समक्ष पेश किया। यहां एक निजी प्रबंधन संस्थान में 17 छात्राओं से छेड़छाड़ के आरोपी चैतन्यानंद के लिए पुलिस ने न्यायिक हिरासत की मांग की थी। चैतन्यानंद (62) को 28 सितंबर को आगरा से गिरफ्तार किया गया था।

### पीएम मोदी 'संतुलित, बुद्धिमान और राष्ट्र हितेषी नेता: पुतिन

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत द्वारा भारी मात्रा में रूसी कच्चे तेल का आयात किए जाने के कारण पैदा हुए व्यापार असंतुलन को कम करने के लिए नई दिल्ली से अधिक कृषि उत्पाद और दवाइयां खरीदने सहित विभिन्न उपाय करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि वह दिसंबर की शुरुआत में होने वाली भारत की अपनी यात्रा और 'मित्र एवं हमारे विश्वसनीय साथी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी' से मुलाकात को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने भारत की राष्ट्रवादी सरकार की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री मोदी को एक 'संतुलित, बुद्धिमान और राष्ट्र हितैषी' नेता बताया। पुतिन दक्षिण रूस के सोची स्थित काला सागर रिसॉर्ट में रूस के थिंक टैंक व वल्दाई चर्चा मंच के पूर्ण सत्र को संबोधित कर रहे थे। ज्ञात रहे कि रूसी राष्ट्रपति दिसंबर की शुरुआत में एक वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए भारत की यात्रा करेंगे।'

### हरियाणा के रोहतक में डेयरी संयंत्र का उद्घाटन: उत्तरी राज्यों की जरूरतों को करेगा पूरा

# देश में 75,000 डेयरी सहकारी समितियां स्थापित की जाएंगी: शाह

बढ़ता राजस्थान

**रोहतक।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि भारत ने पिछले 11 वर्ष में डेयरी क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति करते हुए 70 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की है और अब यह दुनिया में सर्वाधिक तेजी से बढ़ने वाला क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि श्वेत क्रांति 2.0 के तहत आने वाले समय में देश में 75,000 से ज्यादा डेयरी सहकारी समितियां स्थापित की जाएंगी। इसके अलावा, 46,000 सहकारी समितियों को मजबूत किया जाएगा। शाह ने यहां 'इंडस्ट्रियल मॉडल टाउनशिप' में नवनिर्मित 'साबर डेयरी' संयंत्र का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में यह बात कही। गुजरात स्थित साबरकांठा जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ को 'साबर डेयरी' के नाम से जाना जाता है। यह संयंत्र देश का सबसे बड़ा

शाह ने सहकारी डेयरी क्षेत्र के लिए तीन नई बहु-राज्य सहकारी समितियां स्थापित करने के सरकार के निर्णय का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पहली सोसाइटी 'पशु आहार उत्पादन, रोग नियंत्रण और कृत्रिम गर्भाधान' पर ध्यान केंद्रित करेगी, दूसरी 'गोबर प्रबंधन मॉडल विकसित करने' को बढ़ावा देगी और तीसरी 'मृत मवेशियों के अवशेषों के चक्रीय उपयोग' को बढ़ावा देगी। शाह ने कहा, 2029 तक देश में एक भी पंचायत ऐसी नहीं होगी जहां सहकारी समिति न हो। उन्होंने कहा कि सहकारी डेयरी के माध्यम से गुजरात में 35 लाख महिलाएं 85,000 करोड़ रुपए का कारोबार कर रही हैं।



### आठ करोड़ किसान जुड़े हैं डेयरी क्षेत्र से

शाह ने कहा कि डेयरी क्षेत्र से लगभग आठ करोड़ किसान जुड़े हुए हैं पिछले 11 साल में डेयरी क्षेत्र में कई बदलाव आए हैं जिससे किसान समृद्ध हुए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत दुनिया में शीर्ष दूध उत्पादक देश के रूप में उभरा है। प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता पहले 124 ग्राम थी जो अब 471 ग्राम हो गई है।

### बढ़ेगी दूध की खरीद

शाह ने श्वेत क्रांति 2.0 पहल का भी उल्लेख करते हुए कहा कि 2028-29 तक डेयरी सहकारी समितियों द्वारा दूध की खरीद वर्तमान स्तर से बढ़कर 1,007 लाख किलोग्राम प्रतिदिन तक पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष में लगभग 33,000 सहकारी समितियां पंजीकृत की गई हैं। शाह ने कहा कि एक ऐसी प्रणाली भी विकसित की जाएगी जिससे देश में दुनिया के सबसे आधुनिक संयंत्र स्थापित हो सकें।

### मोदी सरकार ने दिया खादी को बढ़ावा

गृह मंत्री शाह ने बाद में यहां 'खादी कारीगर महोत्सव' को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि खादी केवल पोशाक नहीं होती, बल्कि 'स्वदेशी' और 'आत्मनिर्भरता' की भावना होती है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद कांग्रेस खादी को भूल गई। नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा खादी के प्रचार-प्रसार के लिए उठाए गए कदमों का जिक्र करते हुए शाह ने कहा,मुझे लगता है कि पिछले 11 वर्ष में जो काम किया गया है, अगर वह आजादी के बाद लगातार किया गया होता तो हमारे देश को बेरोजगारी की समस्या का सामना कभी नहीं करना पड़ता। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी द्वारा दिए गए 'खादी मंत्र' ने स्वतंत्रता आंदोलन को गति दी। उन्होंने देशवासियों से हर साल कम से कम 5,000 रुपए मूल्य के खादी उत्पाद खरीदने की अपील की ताकि भारत 'आत्मनिर्भरता' की ओर बढ़े।

### रोहतक साबर डेयरी संयंत्र

- 325 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित
- 150 टन दही, तीन लाख लीटर छाछ, 10 लाख लीटर 'योगर्ट' और 10 मीट्रिक टन मिठाइयां बनाने की है क्षमता
- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और उत्तरी राज्यों की जरूरतों को करेगा पूरा

### असम के सीएम सरमा की घोषणा

# न्यायिक आयोग करेगा जुबिन की मौत के मामले की जांच



बढ़ता राजस्थान

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने शुक्रवार को कहा कि गायक जुबिन गर्ग की मौत की जांच के लिए न्यायिक आयोग गठित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने 'फेसबुक लाइव' में कहा कि आयोग का नेतृत्व गुवाहाटी हाई कोर्ट के न्यायाधीश सौमित्र सैकिया करेंगे।

उन्होंने कहा,अब हम उन सभी लोगों से अनुरोध करते हैं कि जिनके पास जुबिन गर्ग की मौत से संबंधित कोई भी जानकारी या वीडियो है, वे आगे आएं और आयोग के समक्ष गवाही दें। ज्ञात रहे कि जुबिन की 19 सितंबर को सिंगापुर में समुद्र में तैरते समय रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई थी। वह 'नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल' के चौथे संस्करण में भाग लेने के लिए सिंगापुर गए थे। जुबिन की मौत को लेकर राज्य भर में 60 से अधिक प्राथमिकी दर्ज होने के बाद मौजूदा समय मे सीआईडी पूरे प्रकरण की जांच कर रही है।

### कोर्ट का आदेश: एसआईटी करेगी करूर में भगदड़ की जांच

**चेन्नई।** मद्रास हाई कोर्ट ने तमिलनाडु के करूर में 27 सितंबर को टीवीके नेता विजय की रैली के दौरान हुई भगदड़ की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने का आदेश दिया है। भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी असरा गर्ग एसआईटी का नेतृत्व करेंगी। ज्ञात रहे कि इस भगदड़ में 41 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 60 से अधिक घायल हो गए थे। असरा गर्ग फिलहाल उत्तर क्षेत्र की पुलिस महानिदेशक हैं।

### बुलेट ट्रेन निर्माण स्थल का दौरा

नई दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और जापान के परिवहन मंत्री हिरोमासा नाकानो ने आगामी बुलेट ट्रेन परियोजना की समीक्षा के लिए शुक्रवार को सूरत में हाई-स्पीड रेल निर्माण स्थल का दौरा किया। दोनों मंत्रियों ने ट्रैक स्लैब बिछाने वाली कार और ट्रैक स्लैब समायोजन सुविधा समेत परियोजना के प्रमुख घटकों की समीक्षा की। दोनों मंत्रियों ने गुणवत्ता मानकों के पालन पर संतोष व्यक्त किया तथा निर्माण की तीव्र गति की सराहना की। 'नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड' (एनएचएसआरसीएल) भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना को हकीकत का रूप देने में जुटा है। 508 किलोमीटर लंबा मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर महाराष्ट्र और गुजरात के बीच तीव्र संपर्क प्रदान करेगा।





## पात्र लोगों को लाभान्वित करने की दिशा में ठोस कार्य करें



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** ग्रामीण विकास एवं पंचायतराज राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने शुक्रवार को जिले में आल्पा व जोयला में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविरों का जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणों की ओर से प्रस्तुत परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण को लेकर निर्देश दिए। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं पर जानकारी दी। अधिकारियों को कहा कि पात्र लोगों को लाभान्वित करने की दिशा में ठोस कार्य किया जाए। ग्रामीणों को पट्टे व अन्य प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस दौरान कमलेश दवे, विशनसिंह देवड़ा आदि उपस्थित थे।

**हाथों हाथ प्रदान किया पट्टा :** उधर, आल्पा गांव में हुए शिविर में रतीबाई पत्नी गेनाराम रेबारी को आवासीय पट्टा प्रदान किया गया। परिवादी ने बताया कि घुमन्तू-अद्र्ध घुमंतू श्रेणी में होने से वे अधिकतर ऐवड़ के साथ अन्य प्रदेशों में रहते हैं इसलिए आवासीय मकान का पट्टा नहीं बनवा पाए। शिविर में उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने पर अधिकारियों ने हाथों हाथ फाइल तैयार कर राहत प्रदान की।

## मनीष शर्मा बने राजस्थान कृषि छात्र कल्याण संघ के प्रदेश संयुक्त सचिव

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** राजस्थान कृषि छात्र कल्याण संघ ने 28 सितंबर को दुर्गापुरा जयपुर स्थित कृषि अनुसंधान संस्थान (आर.ए.आर.आई.) में एक बैठक आयोजित की जिसमें मनीष शर्मा



निवासी हिंडौन सिटी (जेवर) करौली को प्रदेश संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया। मुख्य अतिथि श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर जयपुर के कुलपति प्रोफेसर बलराज सिंह और दुर्गापुरा कृषि अनुसंधान संस्थान के अनुसंधान निदेशक प्रोफेसर उमेद सिंह थे। जिन्होंने मनीष शर्मा को प्रदेश संयुक्त सचिव का नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर राजस्थान कृषि छात्र कल्याण संघ (आर.ए.एस.डब्ल्यू.ए.) के अध्यक्ष आर.पी. मीणा, राज्य समन्वयक राहुल महला और कार्यक्रम निदेशक हनुमान चौधरी उपस्थित थे। मनीष शर्मा ने शपथ ग्रहण समारोह में घोषणा की कि मैं हमेशा छात्रों के हित में कार्य करता रहूंगा और उनकी परेशानियों का समाधान करूंगा। साथ ही कृषि विज्ञान केन्द्र कुम्हेर भरतपुर में उनके साथी नरेंद्र चौधरी, प्रोफेसर देशराज सिनसिनवार (बृज विश्वविद्यालय, कुम्हेर) आदि लोगों ने प्रदेश संयुक्त सचिव मनीष शर्मा का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

## गोपीनाथ मंदिर में 9 दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का हवन, पूजन व विशाल भंडारे के साथ हुआ समापन

बढ़ता राजस्थान

**प्रागपुरा (नि.स.)।** कस्बे के प्राचीन गोपीनाथ मंदिर में पिछले 9 दिनों से चल रही संगीतमय श्रीराम कथा का शुक्रवार को हवन, पूजन एवं विशाल भंडारे के साथ भक्तिमय वातावरण में समापन हुआ। समापन अवसर पर आयोजित हवन में महंत मोहनलाल भागवती के सानिध्य में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस दौरान राजेन्द्र यादव (राधे-राधे) व उनकी पत्नी कोयली देवी, तथा खड़ा राम व उनकी पत्नी मंजू देवी ने विधि-विधान से आहुति प्रदान की। कथा के अंतिम दिन ब्रजवासी हेमंत शास्त्री ने मंत्रोच्चारण के बीच पूर्णाहुति दिलवाई और हवन का समापन करवाया। समापन अवसर पर महंत मोहन लाल भागवती ने श्रद्धालुओं एवं कस्बेवासियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा - जिस भाव और आस्था से श्रद्धालु इस कथा में सम्मिलित हुए हैं, मुझे विश्वास है कि भगवान श्रीराम अवश्य उनकी मनोकामनाएँ पूर्ण करेंगे। 9 दिवसीय श्रीराम कथा का वाचन कथा व्यास श्री निकुंज लाडली ने किया। कार्यक्रम में उनके साथ शिवानी ब्रजवासी, हेमंत शास्त्री, संतोष ब्रजवासी और जयप्रकाश ब्रजवासी ने सहयोग किया। मंदिर प्रशासन और स्थानीय श्रद्धालुओं ने मंच से सभी कथाव्यास व सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। हवन और पूजन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की और भक्ति-भाव से भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान पंडित बलराम मुद्गल, पूर्व वार्ड पंच राजेन्द्र स्वामी, बाबूलाल सैनी, डॉ. रामस्वरूप यादव, नागरमल यादव, धोलाराम स्वामी, वीरेन्द्र यादव, कृष्ण महावर सहित सैकड़ों की संख्या में कस्बेवासी और आसपास के ग्रामीण मौजूद रहे।

## डॉ.लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने किया 'वोटरी' का शुभारम्भ

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** उदयपुर -मेवाड पूर्व राजपरिवार के सदस्य डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने



विजया दशमी के पावन अवसर पर उदयपुर के जगदीश मार्ग स्थित 'वोटरी' का विधिवत् शुभारंभ किया। 'वोटरी' पारंपरिक हथकरघों, प्राचीन शिल्पकला और जीवंत रीति-रिवाजों को सम्मान देने वाला एक ऐसा मंच है, जहाँ प्राचीन कलाओं को पुनर्जीवित और प्रोत्साहित करने के उद्देश्य के साथ ही कारीगरों की कारीगरी और उनकी आजीविका को ध्यान में रख इसका आरम्भ किया गया है। वोटरी के कलेक्शन पर संस्थापिका श्रीमती निवृति कुमारी मेवाड़ ने बताया कि यह भारत के पटना -बलांगीर और मेवाड़, पूरब और पश्चिम की जीवंत संस्कृतियों को मिलाकर एक ऐसा संगम तैयार किया गया है, जहाँ समरसता के साथ दोनों कलाएं खिलेंगी भी और महकेंगी भी।

### जिला कारागार में कैदियों को पर्याप्त पेयजल भी उपलब्ध नहीं

# बदबू व गंदगी के बीच बंदियों में बीमारी की आशंका

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (जीतेश रावल)।** जिला कारागार में फैली बदबू व गंदगी के बीच बंदियों में बीमारी फैलने का अंदेशा बना हुआ है। कारागार में सफाई के समुचित प्रबंध नहीं होने से हर समय बदबू का आलम रहता है। वहीं, आसपास क्षेत्र में कचरा पड़ा रहने से बदबू परिसर तक पहुंच रही है। कारागार का सीवरेज टैंक भरा रहने से बदबू में और इजाफा हो रहा है। गंदगी व बदबू के बीच ही बंदी पेयजल के लिए भी तरस रहे हैं। कारागार में पर्याप्त पेयजल तक उपलब्ध नहीं है। जिला कारागार की ये समस्याएं हाल ही में अधिकारियों की नजर में आई है। अधिकारियों की टीम गत दिनों कारागार का जायजा लेने पहुंची थी। इस दौरान कारागार की इन कमियों पर नजर गई। इस सम्बंध में कारागार उप अधीक्षक को निराकरण के निर्देश दिए गए।





**सामने आई ये समस्याएं**

- जेल बाउंडरी के पास लगे पात्र में कचरा डालने से बदबू कैदियों तक आती है। नगर परिषद को कचरा उठाने के प्रबंध नहीं कर रही।
- - कारागार में बंदियों के पीने के पानी की पर्याप्त उपलब्धता नहीं है, जिससे कारागार में पानी की समस्या रहती है।
- किचन में लगे एग्जॉस्ट फैन बंद पड़े हैं, इस बारे में पूर्व में भी निर्देश दिए गए थे पर अभी तक ठीक नहीं करवाए गए।
- वार्ता के दौरान बंदियों ने बताया कि सीवरेज टैंक भरा होने से कारागार में बदबू रहती है।
- कारागार में साफ-सफाई के लिए नगर परिषद की ओर से कोई कर्मचारी नियुक्त नहीं किया गया है।
- कारागार में एक बंदी के पैर में घाव मिला व दूसरा मानसिक रूप से रोगी मिला, जिनके उपचार को लेकर निर्देश दिए गए।

**अधिकारियों के संयुक्त दल ने किया निरीक्षण**

गत दिनों विजिटर्स बोर्ड व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जिला कारागार का संयुक्त निरीक्षण किया गया था। प्राधिकरण अध्यक्ष सेशन न्यायाधीश श्रीमती रूपा गुप्ता, जिला कलक्टर श्रीमती अल्पा चौधरी, पुलिस अधीक्षक प्यारेलाल, सीएमएचओ डॉ. दिनेश खराड़ी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अशोक राजपुरोहित, पीडब्ल्यूडी एक्सईएन दामोदर देवासी, कृषि विभाग से शंकरलाल, शिक्षा विभाग से अजय माथुर शामिल रहे।

### इसलिए जिला कारागार का लिया जायजा

उल्लेखनीय है कि जेलों में जातिगत वर्गीकरण की शिकायत पर सर्वोच्च न्यायालय ने सभी जेलों में जांच के आदेश दिए थे। इसकी पालना में टीम ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। बंदियों से जाति, धर्म व सामाजिक स्तर पर जुड़े भेदभाव के सम्बंध में बातचीत की गई। सुविधाओं पर जानकारी ली गई। बंदियों ने बताया कि यहां किसी प्रकार का भेदभाव सामाजिक, जातिगत धर्म के स्तर पर नहीं किया जाता है। सभी के लिए समान सुविधाएं लागू है।

## मूंडिया ग्राम में स्वयंसेवकों ने विजयादशमी उत्सव को लेकर किया पथ संचलन



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** टोडाभीम -तहसील के मूंडिया ग्राम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस के 100 वें स्थापना दिवस पर स्वयंसेवकों ने विजयादशमी उत्सव एवं शस्त्र पूजन पथ संचलन किया कार्यकर्ता पारंपरिक गणवेश में शामिल हुए और विभिन्न स्थलों से होकर गुजरे , संचलन की शुरुआत मुडिया ग्राम के प्रमुख मार्ग से होते हुए पथ संचलन निकाला गया व लास्ट में वही पहुंचकर पथ संचलन का समापन किया गया ,इस दौरान जगह जगह-जगह पुष्प वर्षा कर कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया गया, खंड कार्यवाह सुनील जी ने कहा कि इस वर्ष आरएसएस का शताब्दी वर्ष है,और यह हमारा सौभाग्य है कि हमें महाकुंभ की तरह संघ का शताब्दी वर्ष देखने का शुभ अवसर मिला, सामाजिक बदलाव के लिए प्रतिबद्ध,-संघ ने स्पष्ट किया कि शताब्दी वर्ष का उद्देश्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है, पंच परिवर्तन के माध्यम से पर्यावरण, सामाजिक एकता, आत्मनिर्भरता ,और पारिवारिक मूल्यों को बढ़ावा देने के साथ-साथ नागरिकों में जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित किया जाएगा, यह आयोजन समाज के हर वर्ग को जोड़ने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का एक प्रयास होगा, इस मौके पर पथ संचलन सह विभाग कार्यवाहा भरतलाल रानीपुरा सूबेदार जगराम, शिवराम ,अशोक भण्डारी, बृजेश कुमार सहित कई स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## भामाशाहों ने बांटी मुस्कानें-विद्यार्थियों को स्कूल ड्रेस व कुर्सियां भेंट की

बढ़ता राजस्थान

**पावटा(सुशील कुमार बंसल)।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मोहनदास वाली (भूरी भड़ाज) में शुक्रवार को विद्यार्थियों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरने वाला आयोजन हुआ। विद्यालय में भामाशाह जेवीएनएल यूडीसी पवन आर्य, डॉ. राहुल आर्य तथा कैप्टन प्रवीण ने विद्यार्थियों को 65 सेट स्कूल ड्रेस वितरित कर शिक्षा के प्रति उत्साहवर्धन किया। साथ ही विद्यालय को 10 कुर्सियाँ भेंट कर सहयोग का परिचय दिया। नववितरित ड्रेस पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। बच्चे ड्रेस हाथों में उठाकर उत्साहपूर्वक तालियाँ बजाते नजर आए। आयोजन स्थल पर वातावरण तालियों और बच्चों की मुस्कान से गूँज उठा। विद्यालय की ओर से भामाशाहों का माला व साफा पहनाकर अभिनन्दन कर धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



इस अवसर पर ग्रामीणजनों में बूलचंद स्वामी, हजारीलाल आर्य, देवकरण वर्मा, प्रदीप वर्मा, तेजपाल आर्य, राजू पंच, मोहनलाल हाडिया समेत अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। वहीं विद्यालय स्टाफ से प्रधानाचार्य रामस्वरूप कसाना, प्रकाश सैनी, श्रीराम यादव सहित समस्त शिक्षकगण और विद्यार्थी उपस्थित थे। ग्रामीणों और विद्यालय स्टाफ ने भामाशाहों के इस योगदान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास शिक्षा को सशक्त बनाने और बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होते हैं।

## अजमेर भिनाय, वोट चोरी को लेकर कांग्रेस की बैठक कल

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** अजमेर जिले के विधानसभा क्षेत्र मसूदा में आज कांग्रेस का वोट चोरी के खिलाफ व लोकतंत्र को बचाने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी व राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मसूदा/भिनाय/ बिजयनगर, की कांग्रेस कमेटी बिजयनगर में बैठक शनिवार को विश्वकर्मा फार्म हाउस बिजयनगर पर सुबह 11 बजे आयोजित की जाएगी। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट सलीम बाबू ने बताया की बैठक को मसूदा विधानसभा प्रभारी राजेश गुर्जर, पूर्व विधायक राकेश पारीक ,पीसीसी सदस्य संग्राम सिंह गुर्जर एव पार्टी के वरिष्ठ नेता सम्बोधित करेंगे सभी कार्यकर्ता कृषि मंडी से विश्व कर्मा फार्म हाउस तक पैदल मार्च निकालेंगे बैठक में सभी कांग्रेसजन, जन प्रतिनिधि गण,पूर्व विधायक, पदाधिकारी गण एवं कार्यकर्तागण,पार्षद गण, सरपंच गण, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, सभी अग्रिम संगठन को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

### समारोह की व्यवस्थाओं को दिया अंतिम रूप

# जाटव समाज का 5वां जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह 5 को

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** जाटव समाज द्वारा आयोजित पाँचवें जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए बयाना रोड स्थित हिण्डौन जाटव बगीची में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विभिन्न समितियों ने अपनी जिम्मेदारियों पर चर्चा की और कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए। मदन मोहन भास्कर ने जानकारी देते हुए बताया कि



बैठक में मंच आकर्षण समिति, भामाशाह समिति तथा सक्रिय कार्यकर्ता समिति के सदस्यों को अलग अलग जिम्मेदारी दी गई । प्रचार प्रसार के लिए चार वाहनों में माइक तथा चार लाउडस्पीकरों का उपयोग कर दो दिनों तक व्यापक प्रचार किया जाएगा। समारोह के संयोजक ताराचंद जाटव ने बताया कि यह प्रतिभा सम्मान समारोह जाटव समाज के प्रतिभावान बालक-बालिकाओं,नवनियुक्त कर्मचारियों व अधिकारियों को सम्मानित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। समाज के उभरते सितारों को प्रोत्साहित से युवाओं में उत्साह का संचार होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ 05 अक्टूबर 2025 को प्रातः 9बजे से बारोलिया पेट्रोल पंप के समाने होगा। समाज के सक्रिय सदस्यों ने बताया कि यह आयोजन समाज की एकता एवं प्रगति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।सभी ने एकजुट होकर कार्यक्रम की सफलता का संकल्प लिया।

# अजमेर जिले के ग्राम पंचायत कैरोट एवं नान्दसी में आज ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** शुक्रवार को ग्राम पंचायत कैरोट एवं नान्दसी में ''ग्रामीण सेवा शिविर'' का आयोजन किया गया। शिविर प्रभारी जीतू कुलहरी (आर.ए.एस.) उपखण्ड अधिकारी ने बताया कि शिविर में राजस्व विभाग द्वारा लम्बित फार्मर रजिस्ट्री के 175 प्रकरण, धारा 136 के तहत शुद्धीकरण के 51 प्रकरण, आपसी सहमति से बटवारें के 19 प्रकरण, नामान्तकरण के 28 प्रकरण सहित राजस्व विभाग के विभिन्न प्रकरणों का निस्तारण किया गया। ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग द्वारा स्वामित्व योजना के तहत 53 पट्टे वितरित किये गये, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत



33 स्वीकृतियां जारी की गई। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 03 निक्षय पोषण किट का वितरण किया गया, टी.बी. मुक्त भारत अभियान के तहत 02 निक्षय मित्र बनाये गये । पशुपालन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत 98 पशुओं का बीमा किया गया। उर्जा विभाग द्वारा 48 विद्युत समस्याओं का निपटारा किया गया। कृषि विभाग द्वारा 80 बीज मिनी किट वितरण, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की 30 पॉलीसी वितरित की गई। आयोजना विभाग द्वारा जनधन योजना के निष्क्रिय खातों का पुनः सत्यापन किया गया। खाद्य विभाग द्वारा एन.एफ. एस.ए. के लम्बित प्रकरणों का निस्तारण किया गया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के एवं पालनहार योजना में पालनहार नवीनीकरण प्रकरणों का निस्तारण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत 22 लाभार्थियों को लाभ प्रदान किया गया। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा शिविर में प्राप्त प्रकरणों का निस्तारण किया गया। उक्त शिविरों में श्रीमान् अतिरिक्त जिला कलक्टर महोदय चंद्रशेखर भंडारी केकडी, शिविर प्रभारी जीतू कुलहरी (आर.ए.एस.) उपखण्ड अधिकारी भिनाय, भिनाय पंचायत समिति प्रधान श्री सम्पतराज लोढा, सहायक शिविर प्रभारी कैरोट अर्जुन सिंह, सहायक शिविर प्रभारी नान्दसी नीलम राठौड़ तथा अन्य ब्लॉक स्तरीय समस्त विभागीय कर्मचारी व अधिकारीगण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य जागरूकता शिविर एवं प्रथम एक दिवसीय शिविर सम्पन्न

# गांधी के आदर्श आज भी दुनिया में जीवित हैं : प्रो. घनश्याम कसाना

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे के पाना देवी राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की तीनों इकाइयों के तत्वावधान में रेड रिबन क्लब द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता शिविर एवं प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. आर. पी. गुर्जर ने किया। इस अवसर पर लाल बहादुर शास्त्री राजकीय महाविद्यालय कोटपूतली के राजनीति विज्ञान विभाग के प्राध्यापक प्रो. घनश्याम कसाना मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। शिविर की शुरुआत विकसित भारत विषय पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता से हुई, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके बाद व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। इस दौरान महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनाई गई और उनके आदर्शों को जीवन में उतारने का संदेश दिया गया। मुख्य वक्ता प्रो. घनश्याम कसाना ने अपने व्याख्यान में महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन की अनेक प्रेरणादायी घटनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि - आज जहाँ अनेक साम्राज्य समाप्त हो गए, वहीं गांधी के आदर्श और मूल्य पूरी दुनिया में जीवित हैं। उन्होंने शास्त्री जी की सादगी, नैतिकता और बहादुरी के किस्से साझा करते हुए छात्राओं को प्रेरित किया। प्राचार्या प्रो. आर. पी. गुर्जर ने छात्राओं से आह्वान किया कि वे गांधीजी और शास्त्रीजी जैसे महान नेताओं के जीवन मूल्यों को अपने जीवन में अपनाकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएँ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रो. विमल कुमार यादव, प्रो. कमलेश कुमार, डॉ. कुमारी यादव, प्रो. भावना चौधरी सहित अनेक प्राध्यापकों ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए और छात्राओं को समाज में सकारात्मक योगदान देने हेतु प्रेरित किया। प्रो कमलेश यादव ने छात्रवृत्तियों की जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. यामिनी यादव एवं प्रो. प्रिया खांउगा रावत ने सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं संयोजन प्रो. जे. आर. गुर्जर ने किया।

## सैनी समाज का तृतीय सामूहिक विवाह सम्मेलन 2 नवंबर को

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** कोटपूतली में 02 नवंबर 2025 को सैनी समाज का तृतीय सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसके लिए समाज में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। विवाह समिति के उपाध्यक्ष उदय तोदवाल ने बताया कि नीमकाथाना और पाटन क्षेत्र में अधिक से अधिक युवक और युवतियों के पंजीकरण के लिए संपर्क किया जा रहा है,ताकि अधिक से अधिक जोड़े विवाह के बंधन में बंध सकें।समिति के मिडिया प्रभारी बिल्लूराम सैनी ने बताया कि सामूहिक विवाह सम्मेलन के माध्यम से विवाहों में होने वाली फिजूलखर्ची को रोका जा सकेगा। इस मौके पर समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों का माला-साफा पहनाकर सम्मान किया गया।कोटपूतली से आए कार्यकारिणी मे पूर्व अध्यक्ष राकेश सैनी, प्रकाश तोदवाल सैनी समाज उपाध्यक्ष),एडवोकेट पवन सैनी, संरक्षक रामजीलाल सैनी नीमकाथाना व पाटन के सैनी समाज के पदाधिकारी में स्वागत अभिनंदन किया।इस मौके पर नीमकाथाना विधायक प्रत्याशी मंजू सैनी,ताराचंद गहलोत सैनी समाज अध्यक्ष,धीरज सैनी,बाबूलाल सैनी पाटन अध्यक्ष,कानाराम सैनी ठेकेदार,कृष्ण कुमार सैनी, राजू सैनी,राजेश कुमार सैनी,किशन लाल सैनी सावित्रीबाई फुले महिला सैनी संस्थान पाटन के अध्यक्ष निशा सैनी,ललिता सैनी आदि मौजूद रहे।



## बाल आश्रम में दशहरा महोत्सव का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** जिले के विराटनगर कस्बे के बाल आश्रम में दशहरा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एसपी देवेन्द्र कुमार बिश्नोई का स्वागत अभिनंदन किया गया।इस मौके पर बाल मजदूरी से मुक्त कराए गए बच्चों द्वारा रामलीला का अद्त मंचन किया गया और रावण दहन कार्यक्रम भी हुआ। नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी द्वारा संचालित यह आश्रम बच्चों के बचपन को फिर से लौटाने और उनकी मुस्कान को फिर से जगाने का महान कार्य कर रहा है।


**राजस्थान आवासन मण्डल**

क्रमांक :- 365 दिनांक :- 29/09/2025

**निविदा सूचना संख्या 16/2025-26**

मण्डल द्वारा आवासीय कॉलोनी सेक्टर 01 से 05 गांधी कुटिर एवं अरावली विहार फेज-तृतीय भिवाड़ी में सीवर लाईन मरम्मत कार्य हेतु इच्छुक बोलीदाताओं से दिनांक 06.10.2025 से 13.10.2025 दोपहर 12.00 बजे तक ऑफलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण वेबसाईट **sppp.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध है।

**यू.बी.एन. नं. :- RHB2526WSOB00225**

राज.संवाद/सी/25/ **आवासीय अभियन्ता, पी.एच.ई .- द्वितीय, जयपुर**



**जाहीर नोटीस**

**मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण, मुंबई**
**(महाराष्ट्र मोटर वाहन अधिनियम, के तहत सूचना)**
**MACP/2142/2024**

**अनुभा रजत रुस्तगी** **आवेदक**
**के खिलाफ**
**लखविंदर सिंग और विकास वैष्णव** **बनाम पक्षकार**
**और**
**श्रीराम जनरल इन्शु.कंपनी लिमिटेड** **विमाकार**

**प्रति,**
**विकास वैष्णव, शिवराज वैष्णव**
**पताः** रजाडी गुरुविरजानंद स्कूल के पास, इंजीनियरिंग, कोटा, राजस्थान -324010

जिस प्रकार संबंधित अर्जी के अनुसार प्रार्थिने आपके खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम मोटर दुर्घटना दावा याचिका दायर की है जिसमें आपको प्रतिवादियों में से एक के रूप में शामिल किया गया है, जिस मामले की सुनवाई के लिए इस ट्रिब्यूनल/कोर्ट के समक्ष सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया गया है। उपरोक्त आवेदन प्रतिपुर्ती हेतु आवेदन पत्र दाखिल किया है। अतः इस अर्जी की सुनवाई **20/11/2025 को मा. सदस्य श्रीमती पटवारी रोहिणी राजेंद्र के न्यायधिकरण कक्ष में सुबह 11.00** बजे सुनिश्चित की है।

अतः आपको जो भी गवाह या सबुत पेश करने की इच्छा हो तो वह पेश करे। अर्जी मे किये गये दावे के तहत आप अपना लिखित निवेदन भी पेश कर सकते है। आपको इस न्यायालयीन आदेश द्वारा सूचित किया जाता है की, ऊपर निर्देशित तारिख को आप हाजीर नही हुये या कोई गवाह या सबुत पेश न कर सके तो आपकी अनुपस्थिती में यह अधिकरण इस अर्जी का विधिवत निराकरण कर देगा इसकी दखल ले।

यह सुचनापत्र हमारे हस्ताक्षर तथा न्यायाधिकरण की मुहर से दि. **19/07/2025** को जारी किया गया।

न्यायालय की मूहर

सही/-
सदस्य
मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण,
9, हजारीमल सोमानी मार्ग, छत्रपति शिवाजी टर्मिनस के सामने,
मुंबई 400001


## अखिल भारतीय बैरवा महासभा चुनाव: 5 अक्टूबर को होगा मतदान, 7 अक्टूबर को परिणाम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** अखिल भारतीय बैरवा महासभा के राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारियों के चुनाव हेतु मतदान 5 अक्टूबर 2025 को आयोजित होगा। मुख्य चुनाव अधिकारी मदनलाल ललावत एवं केंद्र प्रभारी रोडूराम सुलानिया ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय महामंत्री, राजस्थान प्रांतीय अध्यक्ष एवं महामंत्री के चुनाव के लिए मतदान सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। राजस्थान के लिए मतदान केंद्र बूंदी, केकड़ी, निहालपुरा दोसा एवं डॉक्टर भीमराव अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी, झालाना (जयपुर) में बनाए गए हैं। वहीं, राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं महामंत्री पद हेतु मतदान केंद्र दिल्ली एवं इंदौर में भी इसी दिन सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान होगा। सभी मतदान केंद्रों से प्राप्त मतपेटियां अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी, झालाना (जयपुर) में संकलित की जाएंगी। मतगणना 7 अक्टूबर 2025 को की जाएगी, जिसके बाद चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे।

# 69वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के चौथे दिन सुपर-8 मुकाबले शुरू हुए

बढ़ता राजस्थान



**रींगस(हनुमान सिंह बुरानियां)।** कस्बे की पी एम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल स्टेडियम मे चल रही 69 वी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के चौथे दिन सुपर -8 मुकाबले शुरू हुए। प्रतियोगिता संयोजक ने बताया कि पी एम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल स्टैडीयम मे खेले गए पहले सुपर -8 मुकाबले मे सीकर ने भीलवाड़ा को 1-0 से हराया। सीकर के लिए तीसरे क्वार्टर मे उमा ने पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल किया। दूसरे मुकाबले मे अजमेर ने बूंदी को 13-0 से हराया वही राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बीसावाली के खेल मैदान पर अजमेर एकेडमी ने जयपुर को 5-1 से हराया और हनुमानगढ़ ने बीकानेर को 11-1 से हराया। दूसरी पारी में सीकर ने अजमेर को 3- 1 से हराया सीकर के लिए कंचन ने 2 और उमा निठारवाल ने 1 गोल किया जबकि अजमेर के लिए कौशल्या ने 1 गोल किया। सीकर के लिए गोलकीपर अंजू चौधरी ने सीकर के लिए 5 बार गोल सेव किए।बीसवाली मैदान पर हनुमानगढ़ ने जयपुर को 5- 0 से हराया।प्रतियोगिता के दौरान डॉ अजय सक्सेना, महिपाल निठारवाल, रक्षपाल सिंह धायल, हरि सिंह शेखावत, सी एम मोगा, मीना यादव, रघुनाथ कुमावत, रामावतार बगडिया,सुभाष धायल आदि ने बच्चों के बीच आकर उनका उत्साह बढ़ाया। प्रतियोगिता की व्यवस्था मे निजी शिक्षण संस्थाओ की भी सक्रिय भागीदारी है। कस्बे के टैगोर ग्रुप ऑफ एजूकेशन, सी सी ए शिक्षण संस्थान, आर्यन मॉडल स्कूल, गुरुकृपा शिक्षण संस्थान बावड़ी, गैलेक्सी क्लासेज ,भोजन, आवास और यातायात मे सहयोग कर रहे है।


**जाहीर नोटीस**

**मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण, मुंबई**
**(महाराष्ट्र मोटर वाहन अधिनियम, के तहत सूचना)**
**MACP/2141/2024**

**अनुभा रजत रुस्तगी और अन्य ३** **आवेदक**
**के खिलाफ**
**लखविंदर सिंग और विकास वैष्णव** **बनाम पक्षकार**
**और**
**श्रीराम जनरल इन्शु.कंपनी लिमिटेड** **विमाकार**

**प्रति,**
**विकास वैष्णव, शिवराज वैष्णव**
**पताः** रजाडी गुरुविरजानंद स्कूल के पास, इंजीनियरिंग, कोटा, राजस्थान -324010

जिस प्रकार संबंधित अर्जी के अनुसार प्रार्थिने आपके खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम मोटर दुर्घटना दावा याचिका दायर की है जिसमें आपको प्रतिवादियों में से एक के रूप में शामिल किया गया है, जिस मामले की सुनवाई के लिए इस ट्रिब्यूनल/कोर्ट के समक्ष सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया गया है। उपरोक्त आवेदन प्रतिपुर्ती हेतु आवेदन पत्र दाखिल किया है। अतः इस अर्जी की सुनवाई **20/11/2025 को मा. सदस्य श्रीमती पटवारी रोहिणी राजेंद्र के न्यायधिकरण कक्ष में सुबह 11.00** बजे सुनिश्चित की है।

अतः आपको जो भी गवाह या सबुत पेश करने की इच्छा हो तो वह पेश करे। अर्जी मे किये गये दावे के तहत आप अपना लिखित निवेदन भी पेश कर सकते है। आपको इस न्यायालयीन आदेश द्वारा सूचित किया जाता है की, ऊपर निर्देशित तारिख को आप हाजीर नही हुये या कोई गवाह या सबुत पेश न कर सके तो आपकी अनुपस्थिती में यह अधिकरण इस अर्जी का विधिवत निराकरण कर देगा इसकी दखल ले।

यह सुचनापत्र हमारे हस्ताक्षर तथा न्यायाधिकरण की मुहर से दि. **19/07/2025** को जारी किया गया।

न्यायालय की मूहर

सही/-
सदस्य
मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण,
9, हजारीमल सोमानी मार्ग, छत्रपति शिवाजी टर्मिनस के सामने,
मुंबई 400001


# नगर निगम हेरिटेज वार्ड 4 की 60 फुटा रोड पर गड्ढों का साम्राज्य, हर दिन हादसों का खतरा

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर,(का.स.)।** हेरिटेज नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 4 की नई की थड़ी स्थित 60 फुटा रोड इन दिनों बदहाली की जीती-जागती तस्वीर पेश कर रही है। सडक़ पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बने हुए हैं, जिनकी वजह से आमजन का सफर खतरे से खाली नहीं है। बारिश के दौरान हालात और बिगड़ जाते हैं। पानी भरने से गड्ढे दिखाई नहीं देते और आए दिन हादसे होते रहते हैं। स्थानीय निवासी आरजू बानो का कहना है कि यहां रोज हादसे हो रहे हैं। कई बार पार्षद बरखा सैनी को शिकायत दी गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसी तरह नसीम खान ने नाराजग़ी जताते हुए कहा कि पार्षद सिर्फ चुनाव के समय दिखाई देती हैं। उसके बाद क्षेत्र की सुध लेने तक नहीं आतीं। हमारी हालत ऐसी हो गई है जैसे नर्क में जी रहे हों। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि निगम प्रशासन और पार्षद दोनों ही चुप्पी साधे बैठे हैं, जबकि जनता रोज सडक़ की खस्ताहाल स्थिति से जूझ रही है। अब सवाल यह है कि नगर निगम कब जागेगा और कब इस रोड पर सफर करना सुरक्षित बनेगा? आमेर विधायक प्रशांत शर्मा ने कहा आमेर विधायक प्रशांत शर्मा ने कहा कि 60 फुटा रोड पर जगह-जगह बड़े-बड़े खड़े की वजह से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सडक़ पर स्ट्रोक लाइट भी नहीं लगी है, जिसकी वजह से रात के समय हादसों का खतरा और बढ़ जाता है। इस समस्या की जानकारी नगर निगम कमिश्नर निधि पटेल को अवगत कराई गई है। साथ ही डीसी और सीईओ को भी मामले से अवगत करा दिया गया है। विधायक शर्मा ने भरोसा दिलाया कि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान किया जाएगा और आमजन को राहत मिलेगी।

## आशा बाल भारती स्कूल के विद्यार्थी शैक्षणिक भृमण पर

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा (नि.स) ।** समीपवर्ती सामलपुरा रोड़ स्थित आशा बाल भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल फुलेरा के विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण पर हैं। जानकारी देते हुए निदेशक रामलाल चाहर ने बताया कि 3 से 6 अक्टूबर तक का भृमण का कार्यक्रम रखा गया है। शैक्षणिक भ्रमण के मुख्य स्थान चित्तौडग़ढ़ विजय स्तंभ रानी पद्मिनी महल काली माता का मंदिर म्यूजियम जौहर कुंड गोमुख हल्दीघाटी उदयपुर से सहेलियों की बड़ी फतेहसागर झील पिछोला झील ग्रामोद्योग मोती मगरी सुखाडिया सर्कल नाथद्वारा शिव स्वरूप मंदिर श्रीनाथजी का मंदिर भीलवाड़ा सवाई भोज का मंदिर बैंक्य माता जी का मंदिर देवनारायण जी का मंदिर मालासेरी का मंदिर व डूंगरी देवनारायण जी का मंदिर देवमाली आदि आदि स्थानों का शैक्षणिक भ्रमण किया गया तथा आध्यात्मिक दृष्टि को मध्य नजर रखते हुए उनके बारे में संस्कृत धरोहर को बनाए रखने की नसीहत दी है इस शैक्षणिक भ्रमण में गोपाल लाल कुमावत सुमित्रा स्वामी बी आर जाट रेखा यादव सरिता यादव तथा विद्यालय के 60 विद्यार्थियों ने भ्रमण किया।

# एजीटीएफ टीम ने किया 5 करोड़ का अवैध गांजा जब्त

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान में मादक पदार्थों के तस्करों पर एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स और झुंझुनू पुलिस ने करार प्रहार किया है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस दिनेश एम एन ने बताया कि तीन दिन की हाई-वोल्टेज चेज़ के बाद पुलिस टीम ने एक ट्रक कंटेनर से 1014 किलोग्राम अवैध गांजा जब्त किया, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 5 करोड़ रुपये आंकी गई है। वहीं इस मामले में सीकर निवासी दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। एडीजी दिनेश एमएन ने बताया कि टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि उड़ीसा से गांजा लाकर शेखावाटी क्षेत्र में सप्लाई किया जाना है। इसके बाद पूरी कार्रवाई को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। एजीटीएफ की टीम पिछले तीन दिनों से लगातार इस खेप को ट्रेस कर रही थी। विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिलने के बाद टीम ने मध्य प्रदेश की सीमा झालावाड़ से ही इस ट्रक का पीछा करना शुरू कर दिया था। सूचना संकलन और तकनीकी संसाधनों का उपयोग करते हुए टीम लगातार ट्रक की लोकेशन ट्रैक कर तस्करों की हर चाल पर नजऱ रखी जा रही थी। इसी कड़ी में निगरानी तब रंग लाई जब झुंझुनू पुलिस को अलर्ट करने पर उदयपुरवाटी थाना क्षेत्र में ट्रक को नाकाबंदी कर रोका गया। ट्रक की तलाशी लेने पर पता चला कि तस्करों ने गांजा छिपाने के लिए एक शातिर तरीका अपनाया था। चालक सीट के ठीक पीछे एक गुप्त स्कीम बनी हुई थी। इसे खोलने पर गांजे के बड़े कट्टे मिले, जिनका कुल वजऩ 1014 किलोग्राम हुआ। मौके से दो मादक तस्कर सुभाष गुर्जर पुत्र सांवर मल (23) निवासी जाजोद और प्रमोद गुर्जर पुत्र भंवर लाल (20) निवासी दांतारामगढ़ जिला सीकर को गिरफ्तार किया गया।

**उड़ीसा से तस्करी कर शेखावाटी के बड़े तस्करों को पहुंचानी थी खेप :** पूछताछ में सामने आया कि यह खेप ओडिशा से लाई गई थी और शेखावाटी के बड़े तस्कर राजू पचलंगी और गोकुल को सप्लाई की जानी थी। पुलिस अब इस अवैध कारोबार की फंडिंग, खरीद फरोख्त और तस्करी में शामिल अन्य व्यक्तियों के बारे में गिरफ्तार आरोपियों से गहनता से पूछताछ कर रही है, जिसमें और भी बड़े खुलासे होने की पूरी संभावना है। एजीटीएफ के पुलिस निरीक्षक सुभाष सिंह तंवर के कुशल नेतृत्व में एएसआई शंकर दयाल शर्मा और हेड कांस्टेबल संदीप गांधी की कार्रवाई में विशेष भूमिका तथा हेड कांस्टेबल कमल सिंह और शशिकांत की तकनीकी भूमिका रही।


**जाहीर नोटीस**

**मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण, मुंबई**
**(महाराष्ट्र मोटर वाहन अधिनियम, के तहत सूचना)**
**MACP/2143/2024**

**अथर्व रजत रुस्तगी** **आवेदक**
**के खिलाफ**
**लखविंदर सिंग और विकास वैष्णव** **बनाम पक्षकार**
**और**
**श्रीराम जनरल इन्शु.कंपनी लिमिटेड** **विमाकार**

**प्रति,**
**विकास वैष्णव, शिवराज वैष्णव**
**पताः** रजाडी गुरुविरजानंद स्कूल के पास, इंजीनियरिंग, कोटा, राजस्थान -324010

जिस प्रकार संबंधित अर्जी के अनुसार प्रार्थिने आपके खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम मोटर दुर्घटना दावा याचिका दायर की है जिसमें आपको प्रतिवादियों में से एक के रूप में शामिल किया गया है, जिस मामले की सुनवाई के लिए इस ट्रिब्यूनल/कोर्ट के समक्ष सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया गया है। उपरोक्त आवेदन प्रतिपुर्ती हेतु आवेदन पत्र दाखिल किया है। अतः इस अर्जी की सुनवाई **20/11/2025 को मा. सदस्य श्रीमती पटवारी रोहिणी राजेंद्र के न्यायधिकरण कक्ष में सुबह 11.00** बजे सुनिश्चित की है।

अतः आपको जो भी गवाह या सबुत पेश करने की इच्छा हो तो वह पेश करे। अर्जी मे किये गये दावे के तहत आप अपना लिखित निवेदन भी पेश कर सकते है। आपको इस न्यायालयीन आदेश द्वारा सूचित किया जाता है की, ऊपर निर्देशित तारिख को आप हाजीर नही हुये या कोई गवाह या सबुत पेश न कर सके तो आपकी अनुपस्थिती में यह अधिकरण इस अर्जी का विधिवत निराकरण कर देगा इसकी दखल ले।

यह सुचनापत्र हमारे हस्ताक्षर तथा न्यायाधिकरण की मुहर से दि. **19/07/2025** को जारी किया गया।

न्यायालय की मूहर

सही/-
सदस्य
मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण,
9, हजारीमल सोमानी मार्ग, छत्रपति शिवाजी टर्मिनस के सामने,
मुंबई 400001



प्रारूप- 5
( नियम 6( 2 ) देखिए )

**प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगर पालिका मण्डल, बसेडी**

क्रमांक : न.पा.ब./69ए पट्टा/1224 दिनांक : यथा हस्ताक्षर

**लोक सूचना**

**श्री हरिसिंह पुत्र श्री प्रताप सिंह जाति ठाकुर जगनेर रोड, बसेडी तहसील बसेडी** ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार **आवासीय** के प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये हैं।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/गली/कालोनी का नाम | पड़ोस द्वारा सीमाबद्व भूखण्ड | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौड़ाई सहित क्षेत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| ( जिला धौलपुर )<br>( उपखण्ड बसेडी ) | जगनेर रोड बसेडी तहसील बसेडी | पूर्व - जायदाद रेवती<br>पश्चिम - आम रास्ता<br>उत्तर - जायदाद हरिसिंह<br>दक्षिण - जायदाद हरिसिंह | पूर्व - 10 फीट<br>पश्चिम - 45 फीट<br>उत्तर - 90 फीट<br>दक्षिण - 60 फीट<br>कुल क्षेत्रफल - 191.47 वर्गमीटर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 69-क के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आशक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका, बसेड़ी**

## सम्पादकीय

# लोकतंत्र पर कथित हमलों को राहुल ने बताया भारत के लिए सबसे बड़ा खतरा

राहुल गांधी ने फिर एक बार विदेशी धरती पर कहा कि भारत में लोकतंत्र खतरे में है। उन्होंने कोलंबिया में लोकतंत्र पर कथित हमलों को भारत के लिए बड़ा खतरा बताया। वे पहले भी विदेश यात्राओं में भारतीय लोकतंत्र के भविष्य को लेकर आशंका जता चुके हैं। राहुल गांधी के अनुसार कांग्रेस के सत्ता में आने तक उन्हें भारतीय लोकतंत्र खतरे में ही लगेगा।

राहुल गांधी ने एक बार फिर विदेशी धरती पर यह कहा कि भारत में लोकतंत्र पर चौतरफा हमले हो रहे हैं। इस बार उन्होंने कोलंबिया में लोकतंत्र पर कथित हमलों को भारत के लिए सबसे बड़ा खतरा बता दिया। वैसे तो राहुल गांधी एक अर्से से भारतीय लोकतंत्र को खतरे में पड़ा हुआ देख रहे हैं, लेकिन पिछले कुछ समय से वे इस खतरे को कुछ ज्यादा ही तूल दे रहे हैं।

वे इसके पहले भी अपनी विदेश यात्राओं में भारतीय लोकतंत्र के भविष्य को लेकर भय का भूत खड़ा कर चुके हैं। एक बार तो उन्होंने यह भी कह दिया था कि भारत में लोकतंत्र खत्म हो रहा है और बड़े लोकतांत्रिक देश इसकी परवाह भी नहीं कर रहे हैं। इधर उन्होंने वोट चोरी का मुद्दा भी लोकतंत्र के लिए खतरे के तौर पर ही उछाला हुआ है, लेकिन इस मुद्दे की हवा निकलती दिख रही है। बिहार में मतदाता सूची का अंतिम मसौदा जारी हुए कई दिन बीत गए हैं, लेकिन वोट चोरी का दावा करने वाले ऐसे लोगों को सामने नहीं ला पा रहे हैं, जो बिहार के नागरिक हों और जिनका नाम वोटर लिस्ट से सभी वैध दस्तावेज होते हुए भी कट गया हो। ऐसा लगता है कि राहुल गांधी तब तक भारतीय लोकतंत्र को खतरे में पाएंगे, जब तक कांग्रेस केंद्र की सत्ता में नहीं आ जाती।

क्या लोकतंत्र के सुरक्षित होने की गारंटी यही है कि दल विशेष यानी कांग्रेस लगातार चुनाव जीते और वह देश पर शासन भी करे? क्या देश पर शासन करना कांग्रेस का जन्मसिद्ध अधिकार है? यदि राहुल गांधी यह समझ रहे हैं कि किसी मिथ्या आरोप को दोहराते रहने से वह सच की शक्ल ले लेगा तो ऐसा होने वाला नहीं है, भले ही वे दुनिया भर में घूम-घूम कर अपने आरोप दोहराते रहें।

राहुल गांधी की समस्या केवल यह नहीं है कि वे निराधार आरोपों को तूल देते हैं और फिर उन पर टिके रहने की सामर्थ्य भी नहीं जुटा पाते, बल्कि यह भी है कि उनकी ओर से कई बार ऐसी गूढ़ या फिर पहेलीनुमा बातें कर दी जाती हैं, जिन्हें न तो समझा जा सकता है और न ही किसी को समझाया जा सकता है। कई बार तो उनके साथियों के लिए भी उनकी बातों का मतलब बता पाना कठिन होता है।

उन्होंने कोलंबिया में इंजीनियरिंग के छात्रों के बीच कार और मोटरसाइकिल के इंजन के भार में अंतर को लेकर जो विचित्र एवं अबूझ व्याख्या प्रस्तुत की, वह यदि हास-परिहास का विषय बनी तो इसके लिए वे किसी अन्य को दोष नहीं दे सकते। अपने आरोपों पर कायम न रह पाने और रह-रह कर अबूझ बातें करने के कारण ही राहुल गांधी की छवि परिपक्व नेता की नहीं बन पा रही है। यदि इससे किसी को सबसे अधिक चिंतित होना चाहिए तो कांग्रेस को। इसलिए और भी, क्योंकि राहुल गांधी ही अघोषित रूप से उसका संचालन कर रहे हैं।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 4 अक्टूबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1227 - खलीफा अल-आदिल की हत्या।
- 1824 - मेक्सिको एक गणराज्य बना।
- 1963 - क्यूबा और हैती में चक्रवाती तूफान 'फ्लोरा' से छह हजार लोग मरे।
- 1996 - पाकिस्तान के 16 वर्षीय बल्लेबाज़ शाहिद अफरीदी ने एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच में 37 गेंदों में शतक बनाकर विश्व कीर्तिमान रचा।
- 1977 - भारत के विदेश मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक को हिंदी में संबोधित किया। हिंदी में दिया गया यह पहला संबोधन था।
- 2000 - चांग चून शियुंग ताइवान के नये प्रधानमंत्री बने।
- 2002 - पाकिस्तान में शाहीन प्रक्षेपास्त्र का परीक्षण किया गया।
- 2005 - बाली बम कांड में दो संदिग्ध व्यक्ति गिरफ़्तार।
- 2006 - जूलियन असांजे ने विकीलीक्स की स्थापना की।
- 2008 - अमेरिका की विदेश मंत्री कोंडोलीजा राइस एक दिन के लिए भारत यात्रा पर रहीं।
- 2011 - अमेरिका ने इस्लामिक स्टेट (आईएस) के मुखिया अबू बकर अल बगदादी को वैश्विक आतंकवादी के रूप में चिन्हित किया और साथ ही उस पर एक करोड़ डॉलर का ईनाम भी रखा।
- 2012 - चीन में आये भूस्खलन के बाद 19 लोग दबकर मरे।
- 2012 - फॉर्मूला वन के बादशाह माइकल शूमाकर ने संन्यास लिया।
- 4 अक्टूबर को जन्मे व्यक्ति
- 1927 - सरला ग्रेवाल - 'भारतीय प्रशासनिक सेवा' में भारत की दूसरी महिला अधिकारी तथा मध्य प्रदेश की भूतपूर्व राज्यपाल
- 1884 - रामचन्द्र शुक्ल- बीसवीं शताब्दी के हिन्दी के प्रमुख साहित्यकार
- 1857 - श्यामजी कृष्ण वर्मा- प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी एवं लेखक
- 1931 - संध्या मुखर्जी - हिंदी और बांग्ला की पार्श्वगायिका थीं।
- 1992 - श्रीपद येस्सो नायक - भारतीय जनता पार्टी के राजनीतिज्ञ हैं।
- 2014 - जीन क्लाउड दुवेलियर- हैती के 41वें राष्ट्रपति और नेता।
- 4 अक्टूबर को हुए निधन
- 2021 - शक्ति सिन्हा - भूतपूर्व भारतीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के निजी सचिव थे।
- 2015- इदिदा नागेश्वर राव- भारतीय फिल्म निर्देशक एवं निर्माता।

## विशेष आलेख

# स्वदेशी एवं स्वावलम्बन ही नये भारत का आधार



ललित गर्ग



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना महोत्सव यानी प्रत्येक वर्ष विजयदशमी के अवसर पर संघ प्रमुख का उद्बोधन एक नए संदेश और नये दृष्टिकोण के साथ सामने आता है, इस उद्बोधन का पूरा राष्ट्र इंतजार करता है। इस बार संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कई ऐसी बातें कहीं, जो सरकार के साथ समाज के लोगों का ध्यान खींचने वाली हैं। इस पर आश्चर्य नहीं कि उन्होंने अपने संबोधन में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से भारत पर थोपे गए टैरिफ की चर्चा की। 50 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ ने भारत के समक्ष जो कठिन चुनौती खड़ी कर दी है, उसका प्रभावी ढंग से सामना स्वदेशी और स्वावलंबन की राह पर चलकर ही किया जा सकता है। भागवत ने संबोधन में स्वदेशी और स्वावलंबन को नए भारत का आधार बताया है। उन्होंने कहा कि आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था में परस्पर निर्भरता एक स्वाभाविक स्थिति है, लेकिन यह निर्भरता कभी भी बंधन या मजबूरी में परिवर्तित नहीं होनी चाहिए। भारत को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढना होगा ताकि विदेशी निर्णयों और नीतियों पर हमारी नियंत्रण क्षमता सीमित न हो जाए। उनका कहना था कि स्वदेशी का अर्थ यह नहीं है कि हम दुनिया से कट जाएं, बल्कि यह है कि हम अपनी शर्तों पर और अपनी आवश्यकताओं के अनुसार संबंध बनाएं।

संघ की स्थापना का यह अवसर केवल एक उत्सव मात्र नहीं था, बल्कि यह आयोजन भारत की आत्मा और उसके भविष्य की एक गहन घोषणा थी। भागवत ने स्पष्टता और गंभीरता से अपने विचार रखे, भारत को विश्वगुरु बनाने की दिशा में एक नया क्षितिज भी उद्घाटित किया। यह आयोजन संघ के सौ वर्ष सम्पूर्णता की साधना का मूल्यांकन ही नहीं, बल्कि आने वाले सौ वर्षों की दिशा का भी उद्घोष था। नई इबारत लिखते हुए भागवत ने स्पष्ट कहा कि संघ की कार्यप्रणाली का सार है, नए मनुष्य एवं सशक्त-स्वावलम्बी भारत का निर्माण। यह विचार सुनने में सरल लग सकता है, किंतु इसके निहितार्थ अत्यंत गहरे हैं। समाज और राष्ट्र की सारी समस्याओं का मूल व्यक्ति के भीतर छिपा है। इसीलिये देश के सभी वर्गों को एकसूत्र में जोडने के संकल्प के साथ संघ आगे बढ़ेगा क्योंकि जब तक व्यक्ति का चरित्र, दृष्टि और आचरण नहीं बदलते, तब तक कोई भी व्यवस्था स्थायी रूप से परिवर्तित नहीं हो सकती। संघ व्यक्ति-निर्माण के माध्यम से समाज और राष्ट्र को बदलने की दीर्घकालिक साधना कर रहा है। यही कारण है कि संघ के कार्य का परिणाम केवल शाखाओं या कार्यक्रमों में नहीं मापा जा सकता, बल्कि उस अदृश्य लेकिन ठोस नैतिक शक्ति एवं सशक्त राष्ट्रीय भावना में देखा जा सकता है, जो धीरे-धीरे समाज की दिशा बदल रही है।

भागवत ने स्पष्ट किया कि आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक दृष्टि तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक, सांस्कृतिक और जीवन मूल्यों से भी जुड़ी हुई है। उन्होंने विविधता को भारत की विशेषता बताया और समाज में विभाजनकारी प्रवृत्तियों पर चेताया। उन्होंने पंच परिवर्तन की संकल्पना भी प्रस्तुत की जिसमें आत्मजागरूकता, पारिवारिक मूल्य, नागरिक अनुशासन और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता को जोड़ा गया है। इस संदेश के सकारात्मक पक्ष अनेक हैं। यदि इसे गंभीरता से अपनाया जाए तो यह देश की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को नई दिशा दे सकता है। स्थानीय उद्योगों, हस्तशिल्प और कृषि को बढ़ावा देने से रोजगार का सृजन होगा और आर्थिक आत्मसम्मान मजबूत होगा। स्वदेशी पर बल देने से विदेशी निर्भरता घटेगी और देश की सुरक्षा व नीति संबंधी स्वतंत्रता बढ़ेगी। यदि समाज के स्तर पर भी इस सोच को अपनाया जाए तो उपभोक्तावाद के स्थान पर संवेदनशीलता और सेवा भाव विकसित होगा। विविधता के सम्मान और सामाजिक सद्भाव के आग्रह से राष्ट्र अधिक एकजुट और शक्तिशाली बन सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जिस आत्मनिर्भर भारत का आह्वान कर रहे हैं, उसका मूल उद्देश्य केवल आर्थिक स्वतंत्रता तक सीमित नहीं है। यह संदेश देश की घरेलू क्षमताओं को सशक्त बनाने, आयात पर निर्भरता घटाने और स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ विकास की दिशा को व्यापक सामाजिक सरोकारों से भी जोड़ता है, जिसमें महात्मा गांधी की 'स्वदेशी अपनाओ' और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 'अंत्योदय' की परिकल्पना स्पष्ट तौर पर समाहित है।

स्वदेशी और स्वावलंबन की राह पर चलकर ही नया भारत-सशक्त भारत का निर्माण किया जा सकता है। इस बात को सरकार भी रेखांकित कर चुकी है और अब संघ प्रमुख ने भी दोहरा दिया। यह समय की मांग है कि स्वदेशी और स्वावलंबन पर तब तक बल दिया जाए, जब तक वांछित सफलता न मिल जाए। जहां सरकार को स्वदेशी की राह को आसान करना होगा, वहीं समाज को सहयोग देने के लिए तत्पर रहना होगा। इस उम्मीद में नहीं रहा जाना चाहिए कि अमेरिका के साथ शीघ्र ही आपसी व्यापार समझौता हो जाएगा। एक तो जब तक ऐसा हो न जाए तब तक चैन से नहीं बैठा जा सकता और दूसरे, यदि ऐसा हो जाए तो भी भारत को स्वदेशी और स्वावलंबन की राह पर चलना छोडना नहीं चाहिए। व्यापारिक साझेदारों पर निर्भरता लाचारी में नहीं बदलनी चाहिए।

# विरोध के बाद भी 76 साल की उम्र में डी राजा फिर सीपीआई मुखिया बने !



रामस्वरूप रावतसरे


*पार्टी के शीर्ष पदों पर अब भी 70 से अधिक आयु के नेता ही बने हुए हैं। जब पार्टी कॉन्ग्रेस में नए नेशनल काउंसिल और नियंत्रण आयोग के नाम प्रस्तुत किए गए।*

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) का 25वां राष्ट्रीय अधिवेशन हाल ही में चंडीगढ़ में संपन्न हुआ। इसमें वरिष्ठ नेता डी राजा को तीसरी बार पार्टी का महासचिव चुना गया। ये अधिवेसन 21 से 25 सितंबर 2025 तक चंडीगढ़ में राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत हुआ। इसमें देशभर से 800 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

इससे पहले मदुरै कॉन्ग्रेस में जब उन्हें दूसरी बार महासचिव चुना गया तब उन्होंने कहा कि अगली बार वे 75 साल के हो चुके होंगे और पार्टी उनको तीसरी बार महासचिव नहीं चुनेगी। लेकिन तीसरी बार उनके चयन के बाद पार्टी के अंदर कई तरह की चर्चा शुरू हो गई। पार्टी के अंदर केरल और कुछ छोटे राज्यों की कई इकाइयों ने 75 वर्ष की आयु सीमा को सख्ती से लागू करने की माँग की थी। लेकिन 76 वर्ष के हो चुके राजा को अपवाद के तौर पर फिर चुना गया। सीपीआई इस वर्ष अपनी शताब्दी मना रही है। इसी साल पार्टी ने बड़े पदों पर नेतृत्व के लिए 75 वर्ष की आयु सीमा तय की थी। लेकिन इस अधिवेशन में 'निरंतरता बनाए रखने' के नाम पर इस नियम को दरकिनार कर दिया गया। राजा ही नहीं, केंद्रीय नियंत्रण आयोग के अध्यक्ष चुने गए के नारायण भी 75 वर्ष की आयु सीमा से ऊपर हैं। गौरतलब है कि सीपीआई वही पार्टी है जिसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर 'रिटायरमेंट' का प्रोपेगेंडा यह कहते हुए चलाया था, कि 75 पार नेता को पद छोड़ देना चाहिए। इसके बाद खुद की पार्टी में ये निर्णय लिए जाने के बाद पार्टी खुद ही सवालों के घेरे में आ गई है। विपक्षियों का कहना है कि क्या यह नियम सिर्फ दूसरों पर लागू होता है? जानकारी के अनुसार पार्टी में महासचिव पद के लिए पहले अमरजीत कौर का नाम सामने आया था। अगर उन्हें चुना जाता, तो वह भारत में किसी वामपंथी पार्टी की पहली महिला प्रमुख होतीं। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पार्टी के शीर्ष पदों पर अब भी 70 से अधिक आयु के नेता ही बने हुए हैं। जब पार्टी कॉन्ग्रेस में नए नेशनल काउंसिल और नियंत्रण आयोग के नाम प्रस्तुत किए गए, तो डी राजा के चयन के बाद अधिवेशन में केरल के सीपीआई नेता राजाजी मैथ्यू थॉमस और दिल्ली इकाई के सचिव दिनेश वश्नेय ने सार्वजनिक तौर पर राजा को दी गई छूट का विरोध किया। थॉमस ने तो मंच पर चढक़र अपना विरोध दर्ज कराया।डी राजा सीपीआई के पहले दलित महासचिव हैं। उनसे पहले सुधाकर रेड्डी महासचिव के पद पर थे। रेड्डी ने स्वास्थ्य कारणों से इस्तीफा दिया तो 2019 में महासचिव पद संभाला था। इसके बाद उन्हें 2022 में विजयवाड़ा में हुए पार्टी कॉन्ग्रेस में फिर से चुना गया। मदुरै की पार्टी कॉन्ग्रेस में 75 वर्ष की आयु सीमा को लागू किया जाने के बाद प्रकाश करात, बृंदा करात, सूर्यकांत मिश्रा, सुभाषिनी अली, माणिक सरकार और जी रामकृष्णन जैसे वरिष्ठ नेता पोलित ब्यूरो से हट गए थे। लेकिन उस समय भी केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन को अपवाद के तौर पर 79 वर्ष की आयु में पोलित ब्यूरो में जगह मिली। इसके पीछे राज्य में अगले वर्ष होने वाले चुनावों को कारण बताया गया था।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान



**अमिताभ बच्चन (अभिनेता)**

अमिताभ बच्चन एक भारतीय अभिनेता, फिल्म निर्माता, गायक और टीवी प्रस्तोता हैं, जिन्हें भारतीय सिनेमा के सबसे प्रभावशाली और सफल अभिनेताओं में से एक माना जाता है। 1970 के दशक में एंग्री यंग मैन के रूप में लोकप्रिय हुए बच्चन ने दो सौ से अधिक फिल्मों में काम किया है और अपनी गहरी आवाज़ व दमदार अभिनय के लिए जाने जाते हैं।

**मुख्य जानकारी**

जन्म- 11 अक्टूबर 1942 को इलाहाबाद (अब प्रयागराज), उत्तर प्रदेश में।

पिता- हरिवंश राय बच्चन, जो एक प्रसिद्ध हिंदी कवि थे।

पत्नी- जया बच्चन, एक जानी-मानी अभिनेत्री।

बच्चेः-अभिषेक बच्चन (अभिनेता) और श्वेता नंदा।

उपनाम- बिग बी और एंग्री यंग मैन।

**करियर और पहचान**

फिल्मी करियर- उन्होंने 1970 के दशक की शुरुआत में लोकप्रियता हासिल की और 1975 में आई शोले जैसी कई सफल फिल्मों में काम किया। जंजीर और दीवार उनकी सफलता की प्रमुख फिल्में रहीं।

पुरस्कार और सम्मान- उन्होंने अपने करियर में कई राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, फिल्मफ़ेयर पुरस्कार जीते हैं, और सर्वाधिक सर्वश्रेष्ठ अभिनेता फिल्मफेयर अवार्ड का रिकॉर्ड उनके नाम है।

दूरदर्शन- वह लोकप्रिय टीवी शो कौन बनेगा करोड़पति के प्रस्तोता के रूप में भी जाने जाते हैं।

अन्य कार्य$- अमिताभ बच्चन ने पार्श्वगायक, फिल्म निर्माता, और 1984 से 1987 तक संसद सदस्य के रूप में भी काम किया है।

योगदान-उन्होंने भारतीय सिनेमा में अपना अद्वितीय योगदान दिया है और आज भी एक महत्वपूर्ण हस्ती बने हुए हैं।

## हैल्थ टिप्स

बढ़ता राजस्थान

# ज्यादा देर सिटिंग से भी हो जाता है बवासीर

बदलती लाइफस्टाइल और वर्क ऑफ हॉम की वजह से कई लोगों में कई सारी प्रॉब्लम हो रही है। ज्यादात्तर लोग पेट से जुड़ी शिकायत करने लगे हैं। पेट की सारी बीमारियों की समस्या गलत खानपान से ही शुरु होती है। इसी तरह पाइल्स जिसे बवासीर भी कहा जाता है, ये भी पेट की खराबी, कब्ज या लंबी सिटिंग की वजह से होता है। पाइल्स में एनस के अंदरूनी या बाहर हिस्से में कुछ मस्से बन जाते हैं। इन मस्सों से खून निकलना और दर्द की शिकायत भी रहती है। कभी-कभी जोर लगाने पर ये मस्से बाहर की ओर आ जाते और फूट जाते है। इस आर्टिकल में पाइल्?स के कारणों, उनका निदान, उपचार कैसे करें, और शरीर पर उनके क्या प्रभाव हो सकते हैं, इसका पता लगाएगा।

**पाइल्स होने की मुख्य वजह...**

1. सिटिंग वर्क- ज्यादा देर तक बैठे रहने का काम है तो भी पाइल्स की प्रॉब्लम हो सकती है।

2. कब्ज- पाइल्स होने का सबसे बड़ा कारण कब्ज है। पेट ठीक से साफ नहीं होने की स्थिति में एनस में मस्से बन जाते हैं।

3. लाइफस्टाइल- सिगरेट, शराब, जंक फूड वगैरह ज्यादा लेने से भी डाइजेशन बिगड़ता है और पाइल्स हो सकता है।

4. प्रेग्नेंसी- प्रेग्नेंसी के दौरान डाइजेशन की प्रॉब्लम होती है। इसकी वजह से कई महिलाओं को कब्ज की समस्या होती है और इस वजह से पाइल्स हो जाती है।

5. फैमिली हिस्ट्री- फैमिली में अगर किसी को ये प्रॉब्लम रही है तो अगली पीढ़ी में भी इसके होने की संभावना होती है।

घरेलू उपाय विदेशों में पाइल्स के ज्यादा मामले देखने को मिलते हैं। इस समस्या को दूर करने के लिए दवाओं से लेकर ऑपरेशन तक की सुविधाएं मौजूद हैं।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

आज आपके घर-परिवार में खुशी आएगी और आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूती मिलेगी, क्योंकि आपके साथ कोई साइड इनकम जुड़ सकती है। आप अपनी संतान की फरमाइशें पूरी करेंगे।

**वृष**

आज का दिन आपके लिए सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों में नाम कमाने का रहेगा। यदि आपको किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिले, तो अवश्य करें। दान में भी रुचि बनी रहेगी।

**मिथुन**

आज आप अपने घर के कामों के साथ-साथ बाहरी कामों पर भी ध्यान देंगे। खर्चे बढ़ सकते हैं, लेकिन आप अपनी मानसिक स्थिति को बेहतर करेंगे। संतान से आपकी किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकती है।

**कर्क**

आज का दिन मिश्रित फलदायक रहेगा। पार्टनरशिप में काम करना आपके लिए बेहतर रहेगा, लेकिन आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलना चाहिए। सरकारी मामलों में ढील देने से आपकी समस्याएं बढ़ सकती हैं।

**सिंह**

आज आपको अपने कामों में वरिष्ठ सदस्यों का मार्गदर्शन मिलेगा, लेकिन बिजली के उपकरणों से सावधानी बरतें। आपको किसी काम में दूसरों पर निर्भर नहीं रहना चाहिए।

**कन्या**

आज आपको अपने आसपास के शत्रुओं को पहचानने की आवश्यकता है। सेहत में गिरावट से आपका मन परेशान रहेगा। कामों में सतर्कता बनाए रखें और वाणी पर संयम रखें। वैवाहिक जीवन में सामंजस्य बना रहेगा।

**तुला**

आज का दिन करियर के लिहाज से अच्छा रहेगा। परिवार में किसी सदस्य के विवाह प्रस्ताव पर मुहर लग सकती है। यदि आपको किसी काम को लेकर समस्या थी, तो वह दूर होगी। शीघ्रता और भावुकता में कोई निर्णय न लें।

**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए खास रहेगा। आप मौज-मस्ती के मूड में रहेंगे और आपके साहस व पराक्रम में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में कुछ तकनीकी समस्याएं आ सकती हैं। भाई-बहनों से काम को लेकर बातचीत करनी होगी।

**धनु**

आज का दिन जोखिम भरे कामों से बचने का रहेगा। जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य मिलेगा। किसी धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। अच्छे खानपान का आनंद लेंगे, लेकिन पेट का ख्याल रखना होगा।

**मकर**

आज दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। आय और व्यय में संतुलन बनाए रखें। आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। आपको संतान की संगति पर ध्यान देना होगा। सुख-साधनों में वृद्धि होगी और नया करने की इच्छा जागृत हो सकती है।

**कुंभ**

आज खर्चों को कंट्रोल करने की आवश्यकता है। राजनीतिक और सामाजिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। आप अपने किसी मित्र की मदद करेंगे। दूसरी नौकरी का ऑफर मिलने से आपका मन खुश रहेगा।

**मीन**

आज आप अपने आसपास के शत्रुओं को मात देने की कोशिश करेंगे। विद्यार्थी पढ़ाई-लिखाई में थोड़ी टेंशन महसूस कर सकते हैं। आपको अपने आसपास के लोगों के बहकावे में नहीं आना चाहिए।

## स्काउट गाइड ने बाल विवाह रोकथाम जागरूकता रैली निकाली



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर, (राकेश शर्मा)।** हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजस्थान राज्य के वार्षिक कार्यक्रमानुसार जिला मुख्यालय-सवाई माधोपुर के तत्वावधान में बाल विवाह रोकथाम जन जागरूकता रैली निकाली गई। पीईईओ एवं प्रधानाचार्य सुनीता बसवाल ने बताया कि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा के आदेशानुसार एवं हिन्दुस्तान स्काउट गाइड के डिस्ट्रिक्ट ऑर्गेनाइजर (स्काउट) भरत लाल प्रजापत के निर्देशानुसार ग्राम ओलवाड़ा में स्थानीय विद्यालय राउमावि के रोवर्स रेंजर्स स्काउट्स गाइड्स छात्र-छात्राओं व विद्यालय स्टाफ ने जन चेतना रैली निकालकर बाल विवाह पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने व कम उम्र में बच्चियों की शादी से पडने वाले दुष्प्रभावों के लिए आमजन को जागरूक किया। रैली प्रभारी कार्यवाहक प्रधानाचार्य राजीव मीना द्वारा सभी को बाल विवाह नहीं करने की शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात स्काउट गाइड रोवर रेंजर छात्र-छात्राओं ने बचपन में शादी जीवन की बर्बादी, बाल विवाह पाप ना करो आप आदि जागरूकता के नारे लगाते हुए गांव में रैली निकाली। इस अवसर पर राजीव मीना (कार्यवाहक प्रधानाचार्य), बनवारी, अंकेश जैन, गजेंद्र, रामराज जी, पुष्पेंद्र, रामलाल, लक्ष्मी सिंघल आदि अध्यापक अध्यापिकाओं सहित विद्यालय के स्काउट गाइड रोवर रेंजर छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

## शिविर में लापरवाही बरतने पर ग्राम विकास अधिकारी को चार्जशीट जारी करने के निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर, (राकेश शर्मा)।** सेवा पर्व पखवाड़ा के अन्तर्गत शुक्रवार को मलारना डूंगर उपखंड के ग्राम कुण्डली नदी में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का जिला कलक्टर काना राम ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि कोई भी अपना खाता संख्या और अन्य गोपनीय जानकारी किसी के भी साथ साझा न करें। शिविर के दौरान राजस्व विभाग द्वारा 20 खाता विभाजन, 130 शुद्धिकरण, 105 किसानों की फार्मर रजिस्टरी, 208 नामांतकरण, 300 कृषि मिनी बीज किट वितरण किया गया। इस दौरान पीएम सूर्य घर ऊर्जा योजना के 40 प्रस्ताव तैयार किए गए एवं नमो वन/पार्क हेतु 5 हैक्टेयर भूमि चिन्हित की गई। दिव्यांग श्रीलाल पुत्र किशनलाल को ट्राईसाईकिल का स्वीकृत आदेश जारी किया गया।

इस दौरान मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना के संबंध में 41 से 45 वर्ष के पात्र श्रमिकों को जानकारी उपलब्ध नहीं करवाने एवं शिविर में विभागीय दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतने पर ग्राम विकास अधिकारी छुट्टन लाल सैनी को चार्जशीट जारी करने के निर्देश उपखण्ड अधिकारी मलारना डूंगर को दिए। इस दौरान उन्होंने कुण्डली नदी गांव में नालियों की सफाई और रास्तों की खराब हालत की शिकायत पर ग्राम पंचायत के माध्यम से रास्ते ठीक करवाने और नालियां बनवाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को प्रदान किए।

## आरएसएस का विजयादशमी उत्सव कल

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर, (राकेश शर्मा)।** विवेकानंद बस्ती के बस्ती प्रमुख मदन लाल ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का विजयादशमी उत्सव रविवार को हिल्व्यू मैरिज गार्डन में मनाया जाएगा। जिसमें मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक मूलचंद होंगें। विवेकानन्द बस्ती का विजयादशमी उत्सव पांच अक्टूबर रविवार को प्रातः 7-30 बजे हिल्व्यू मैरिज गार्डन में मनाया जाएगा।

हिन्दू समाज के सभी बन्धुओं से परिवार सहित उत्सव में उपस्थित रहने का घर घर जाकर सूचना व आग्रह किया जा रहा है उत्सव के उपरान्त हिल्व्यू मैरिज गार्डन से विज्ञान नगर, रणथंभौर रोड़ एवं ब्रह्मपुरी कालोनी होते हुए रेल्वे पार्क तक घोष के साथ स्वयंसेवकों द्वारा पथ संचलन निकाला जाएगा।

## भाजपा का आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान, जिला स्तरीय कार्यशाला कल

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर, (राकेश शर्मा)।** भारतीय जनता पार्टी जिला सवाई माधोपुर की आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की जिला कार्यशाला का आयोजन 4 अक्टुबर को प्रातः 11 बजे भाजपा जिला कार्यालय पर होगा । जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि कार्यशाला में मुख्य अतिथि एवं वक्ता भरतपुर की पूर्व सांसद रंजीता कोली मौजूद रहेंगी। वहीं कार्यशाला की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर करेंगे । कार्यशाला में वर्तमान एवं पूर्व जनप्रतिनिधि, पूर्व जिला अध्यक्ष,जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, मोर्चा अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे ।

## गबन व धोखाधड़ी का आरोपी नगरपालिका टोडारायसिंह का पूर्व चेयरमैन गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** मालपुरा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम बेनीवाल के निर्देशन में आशीष प्रजापत वृताधिकारी वृत्त मालपुरा के सुपरविजन में थानाधिकारी टोडारायसिंह के नेतृत्त्व में नगरपालिका टोडारायसिंह के पूर्व चेयरमैन सत्यनारायण को गिरफ्तार किया गया है।



टोडारायसिंह पुलिस ने धोखाधड़ी करके फर्जी आवासीय पट्टा जारी करके 7.48,633रूपये का राजकोष में गबन करने के आरोपी नगर पालिका टोडारायसिंह के पूर्व चेयरमैन सत्यनारायण सैनी पुत्र सीताराम माली ( 36 ) निवासी मालियों के मंदिर के पास कस्बा टोडारायसिंह को पुलिस ने प्रकरण दर्ज करके गिरफ्तार किया है।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने माला, साफा, दुपट्टा पहनाकर गर्मजोशी से किया स्वागत

# कोई भी जरूरतमंद सरकारी योजनाओं से वंचित नहीं हो:भजन लाल शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का कोटा से जयपुर जाते समय निजी होटल पर जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने माला, साफा, दुपट्टा पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कोटा दशहरा मेले में शामिल होकर सडक़ मार्ग से कोटा से जयपुर जा रहे थे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की झलक पाने के लिए सैकड़ों कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं से संघटनात्मक चर्चा की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं को सेवा पखवाड़े को लेकर संदेश दिया। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आमजन को सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलवाने का आह्वान किया।



सीएम भजनलाल ने कार्यकर्ताओं से कहा कि ग्रामीण और शहरी सेवा शिविरों में काफी अच्छे काम हो रहे हैं।लोगों की जरूरतें पूरी हो रही हैं,हम सभी का यह दायित्व है कि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति ऐसा न रहे, जिसे राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ न मिल रहा हो। सेवा पखवाड़े के तहत चल रहे इन शिविरों के जरिए केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम कतार में बैठे व्यक्ति तकपहुंच रहा है।इस अवसर पर जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान, देवली उनियारा विधायक राजेन्द्र गुर्जर,निवाई विधायक रामसहाय वर्मा, जिला प्रमुख सरोज बंसल, पूर्व विधायक अजित सिंह मेहता,पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराना, सतीश चंदेल,पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन,जिला महामंत्री विष्णु शर्मा, प्रभु बाडोलिया,नरेश बंसल,ओमप्रकाश पांडे, जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर,शैलेन्द्र चौधरी,बबलू टैंकर, प्रधान काबरा, राजेश शर्मा, ममता जाट, जिला मंत्री हरिराम यादव,रामकिशन गुर्जर, बीना छामुनिया,राधेश्याम चांवला, नीलिमा आमेरा, तरुण टिक्किवाल,शकुंतला वर्मा,जिला कोषाध्यक्ष महेंद्र सिरोठा, सह कोषाध्यक्ष मोनिका जैन,जिला प्रवक्ता विजय मालवानी, रत्तीराम पहाडिया,मीडिया प्रभारी कमलेश यादव, सह प्रभारी हेमंत सैनी,सोशल मीडिया प्रभारी गणेश सैनी, सह प्रभारी बलवंत मराठा, आरव सिसोदिया, मंडल अध्यक्ष नंदलाल छान,धोलू गुर्जर,भगवान सैनी, विष्णु चांवला, खेमराज मीणा,रामनिवास गुर्जर, धर्मेंद्र सिंह राजावत, पंकज पहाडिया सहित अन्य मौजूद रहे।

## देवली मे फैशन फेयर एग्ज़िबिशन का हुआ 2025 का भव्य शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** देवली (गोविंद सिंह सेठी)। यहां शुक्रवार को सखी सहेली ग्रुप के द्वारा फैशन फेयर एग्जिबिशन का तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया है । तीन दिवसीय मेला कार्यक्रम शहर के अटल उधान् के टीन शेड परिसर में लगाया गया है। सखी सहेली ग्रुप के इस कार्यक्रम मे महिला व्यापारियों द्वारा परिधान कॉस्मेटिक मसाले फास्ट फूड घर के बने हुए मुखवास घर बनी चोकलेट्,होममेड रोस्टेड सिडस सहित विभिन्न प्रकार की स्टॉले लगाई गई है।



महिला व्यापारियों के इस स्टॉल मेले मे शहर और आसपास की महिलाएं बढ़-चढक़र खरीदारी करने पहुंच रही है। सखी सहेली ग्रुप की सरक्षिका कमलेश मूंदड़ा ने जानकारी में बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत भगवान गणेश की पूजा-अर्चना के साथ की गई।इस अवसर कमलेश मुंदडा और नीलम मनचंदा ने बताया,कि इस तरह के आयोजन से नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलता है। ऐसे कार्यक्रमों से ही महिलाएं मील का पत्थर साबित होती है । साथ ही महिलाएँ समाज की शक्ति हैं । और उन्हें स्वावलंबन तथा आत्मविश्वास के लिए ऐसे मंच की आवश्यकता होती है। सखी सहेली ग्रुप एग्जीबिशन (मेला) उद्घाटन समारोह में शहर के कई गणमान्य नागरिक, महिलाएँ और युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नीतू मंगल मोनिका सुराणा ने बताया कि इस आयोजन के स्पॉन्सर्स डॉ. सरिता मीना,डॉ. मनीषा सेठी, मयूर इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर अजय मेवाड़ा,का ग्रुप द्वारा सम्मान किया गया।

## अतिक्रमण करने व महिलाओं पर जानलेवा हमले के अरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** उपखंड अधिकारी कार्यालय में शुक्रवार को गांव गणेशपुरा उर्फ हाथाथली के ग्रामीणों ने चारागाह भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को हटवाने व महिलाओं पर जानलेवा हमला करने वाले अरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी रामकरण सिंह को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि गांव के कुछ प्रभावशाली लोग चारागाह भूमि पर तारबंदी करके कब्जा कर लिया है। ग्रामीण पशुओं को चराने के लिए चारागाह भूमि पर जाते है तो यह लोग लड़ाई झगड़े पर उतारू हो जाते हैं एवं जान से मारने की धमकी देते हैं। ज्ञापन में बताया कि बुधवार को प्रियंका, गोरधनी एवं सदाकंवर अपने पशुओं को चराने के लिए चारागाह में गई तो उक्त लोगों ने एकराय होकर तीन महिलाओं पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे प्रियंका की हालत चिंताजनक होने पर उसका जयपुर में उपचार चल रहा है। जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने शीघ्र ही चारागाह भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को हटवाने एवं जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में राधाकिन बैरवा, कानाराम, बाबूलाल, रमेश, रामजीलाल, सुखराम, हीरालाल, रामधन, कानाराम, देवालाल, किशनलाल बैरवा, रामपाल, भैरूराम, हरीराम, धोलूराम गुर्जर, सोराज, मनराज, कालूराम, प्रहलाद गुर्जर, जीतराम गुर्जर, रूपनारायण एवं रामभजन सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## भगवान श्रीरामजी के राजतिलक में उमड़े श्रद्धालु, श्रीराम का भाई भरत के साथ हुआ भव्य मिलाप

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** प्रताप स्टेडियम में नगरपालिका मण्डल के तत्वावधान में आयोजित रामलीला में आर्यवीर कलाकार रंगमंच संस्थान के कलाकारों द्वारा भगवान श्रीराम का राजतिलक व भगवान श्रीराम-भरत मिलन का मंचन किया। जिसको देखने के लिए शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र से लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी। दशहरे मेला महोत्सव में आयोजित रामलीला को लेकर बस स्टैंड पर भगवान श्रीराम-भरत मिलन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया जिसमें नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी के सानिध्य में सभी पार्षदों ने भगवान श्रीराम व भरत का भव्य स्वागत किया। रामलीला के मंचन के दौरान प्रताप स्टेडियम में भगवान श्रीराम का राजतिलक व भगवान श्रीराम-भरत मिलन का भव्य आयोजन किया गया। रामलीला को लेकर प्रताप स्टेडियम में बालक-बालकाओं सहित सैंकड़ों महिला व पुरूषों की भीड़ जमा रहीं। इस अवसर पर इस अवसर पर जयपुर पार्षद अंकित वर्मा, पार्षद नितिन छाबडा, गिर्राज चौधरी, जयनारायण कुमावत, वंशप्रदीप पारीक, लालचन्द सैनी, मंगलराम मीणा, रमेश सैनी, संजय रैगर, शंकरलाल सैनी, रामविलाश बलाई, जीतू विजय, अविनाश पारीक, आनन्द पारीक व जीतू धारवाल सहित कई पार्षद व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## राज्य स्तरीय नेटबॉल छात्रा 17/19 आयु वर्ग प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहुंची चार-चार टीमें, रोमांच चरम पर

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर, (राकेश शर्मा)।** जिला मुख्यालय के राबाउमावि मानटाउन के संयोजन में पुलिस लाइन मैदान में चल रही राज्य स्तरीय नेटबॉल 17/19 आयुवर्ग छात्रा क्रीडा प्रतियोगिता में शुक्रवार को सुपरलीग मुकाबले हुए, रौमांचक मुकाबलों में खिलाडियों एवं टीमों की कडी प्रतिष्पर्धा देखने को मिली। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक हरकेश लाल मीना एवं प्रतियोगिता संयोजक प्रधानाचार्य राबाउमावि मानटाउन कल्पना शर्मा ने बताया कि खिलाडियों के लिए रहने, खाने-पीने सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए लगातार भामाशाहों का पूरा सहयोग प्राप्त हुआ है।



17 एवं 19 वर्ग की प्रतियोगिता में जयपुर, श्री गंगानगर, भीलवाडा एवं हनुमानगढ की टीमें सेमीफाइनल में पहुंची है। सेमीफाइनल मुकाबलों का रौमांच शनिवार को होगा। शुक्रवार को खेले गए सुपरलीग मुकाबलों में कडी प्रतिष्पर्धा देखने को मिली। सुपर लीग 17 वर्ष के शुक्रवार को खेले गए मुकाबलों में जयपुर ने बाडमेर को 17-8 से हराया। श्रीगंगानगर ने चुरू को 20-17 से, भीलवाडा ने पाली को 26-10 से, हनुमानगढ ने बाडमेर को 18-7 से, जयपुर ने सीकर को 14-10 से, भीलवाडा ने चुरू को 17-10 से, श्री गंगानगर ने पाली को 17-8 से, हनुमानगढ ने जयपुर को 19-12 से एवं सीकर ने बाडमेर को 15-8 से हराया।

इसी प्रकार 19 वर्षीय आयुवर्ग के मुकाबले में जयपुर ने श्रीगंगानगर को 21-10 से, चुरू ने बाडमेर को 9-8 से, हनुमानगढ ने झुंझुनू का 25-9 से, भीलवाडा ने उदयपुर को 29-1 से, जयपुर ने चुरू को 24-10, श्रीगंगानगर ने बाडमेर को 15-10, हनुमानगढ ने भीलवाडा को 18-16 से एवं झुंझुनू ने उदयपुर को 20-8 से हराया। प्रतियोगिता के सेमीफाइनल एवं फाइनल मैच नॉक आउट तरीके से खेले जाएंगे। इसके साथ ही प्रतियोगिता में 5 वें से 8वें स्थान के लिए भी मुकाबले पुलिस लाइन मैदान पर आयोजित हुए।

### स्वदेशी जागरण सप्ताह का हुआ समापन

# स्वदेशी उत्पादों के उपयोग से देश उन्नतिशील बनता है- धर्मेंद्र जैन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** विद्या भारती द्वारा संचालित उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर झिलाय में स्वदेशी चेतना रैली निकालकर संपूर्ण नगर में स्वदेशी अपनाने का संदेश दिया। स्वदेशी प्रभारी भाग्यश्री शर्मा ने बताया कि विगत 7 दिनों से विद्यालय में चलाए जा रहे स्वदेशी सप्ताह का शुक्रवार को समापन किया गया।

समापन पर झिलाय नगर के वार्ड पंच, भामाशाह एवं युवा नेता धर्मेंद्र जैन ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। सर्वप्रथम अतिथियों ने छात्र-छात्राओं द्वारा स्वदेशी चित्रकला प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया। जैन ने स्वदेशी का महत्व बताते हुए जीवन में अधिक से अधिक स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग से हमारा जीवन सरल व सरज ही नहीं बनता अपितु हमारे देश की आर्थिक नीति भी मजबूत होती है।



कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रबंध समिति के व्यवस्थापक घनश्याम जांगिड़ ने छात्र-छात्राओं को जीवन में अधिक से अधिक स्वदेशी चीजों को उपयोग में लेने की शपथ दिलाते हुए कहा कि कम से कम हर महीने हम एक विदेशी चीज का बहिष्कार करते हुए जीवन में स्वदेशी को अपनाना चाहिए। सप्ताह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान रहने वाले छात्र-छात्राओं को धर्मेंद्र जैन ने दैनिक जीवन में काम आने वाली स्वदेशी वस्तुओं के गिफ्ट पैक उपहार स्वरूप पारितोषिक के रूप में प्रदान किए। प्रधानाचार्य विजयसिंह राजावत ने अतिथियों को माला पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देखकर सम्मान किया। स्वदेशी जागरण प्रमुख राजेशकुमार शर्मा ने संपूर्ण सप्ताह के दौरान आयोजित गतिविधियों के बारे में संपूर्ण जानकारी दी एवं सप्ताह में अपना पूर्ण सहयोग देने वाले सभी आचार्य, आचार्य दीदी, कर्मचारी बंधु, छात्र-छात्राओं व अभिभावकगण का आभार व्यक्त किया। अंत में राष्ट्रगीत के साथ इस कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ आचार्य राजाराम गुर्जर, कृपाशंकर पारीक, रामफूल यादव, जितेंद्र चौधरी, सियाराम गुर्जर, भाग्यश्री शर्मा, सुशीला गुर्जर, ममता विजय, लक्ष्मी शर्मा, चंद्रप्रकाश कुमावत, रजनी गढ़वाल, सोनम राठौर, ज्योति खंगार, पुष्पा पारीक, राजेश गुर्जर सहित कई अभिभावक व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## स्थाई वारंटी सतीश गुर्जर गुरुग्राम से गिरफ्तार, हरसौरा थाना पुलिस की बड़ी कार्यवाही

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर(धीरज मौर्य)।** वृत्त क्षेत्र के थाना हरसौरा पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए स्थाई वारंटी सतीश गुर्जर को हरियाणा के गुरुग्राम से गिरफ्तार किया है। हरसौरा थानाधिकारी प्रकाशसिंह ने बताया कि पुलिस सरकार बनाम महावीर वगेरा प्रकरण संख्या 807/17 में भारतीय दण्ड संहिता की धारा 323,341और 354में फरार स्थाई वारंटी सतीश पुत्र मेहरसिंह जाति गुर्जर आयु 30साल निवासी मोलाहेड़ा थाना पनियाला जिला कोटपूतली बहरोड़ को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि यह कार्यवाही पुलिस महानिरीक्षक रेंज जयपुर द्वारा वांछित अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार विश्नोई के निर्देशानुसार एवं वैभव शर्मा अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक के सुपरवीजन व बानसूर वृताधिकारी मुकेश जोशी के निर्देशन में कार्यवाही को अंजाम दिया गया। थानाधिकारी प्रकाशसिंह ने बताया कि उक्त अधिकारीयों के आदेशानुसार 04सदस्यीय टीम का गठन किया गया था। टीम में हरसौरा थानाधिकारी प्रकाशसिंह,सहायक उप निरीक्षक राजवीरसिंह,कांस्टेबल सुरेन्द्र सिंह व चालक अरुण सिंह शामिल रहे।

## महाआरती के साथ रामलीला का समापन, स्मृति चिन्ह देकर कलाकारों का सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** पंचायत समिति क्षेत्र के मोतिवाड़ा में रामकला नवयुवक मण्डल के सौजन्य से चल रही रामलीला का गुरुवार को महाआरती के साथ समापन हुआ। रामलीला के समापन के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में दर्शकों और स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। रामकला नवयुवक मण्डल के अध्यक्ष विष्णु मीना (घुसिंगा) और सुभाष गोस्वामी ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष की रामलीला बेहद सफल रही और इसे देखने के लिए दूर-दराज से लोग आए। रामकला नवयुवक मण्डल ने सभी कलाकारों को मोमेंटो भेट कर सम्मानित किया। सहयोगियों और दर्शकों का आभार व्यक्त किया, जिनके समर्थन से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो पाया। मण्डल ने भविष्य में भी इसी तरह के धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों को जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस दौरान मोतिवाड़ा का माहौल भक्तिमय हो गया। इस मौके पर पूर्व सरपंच प्रतिनिधि हेमू स्वामी,विजय स्वामी, मिठालाल गुर्जर, रामावतार शर्मा, कमलेश सैनी, दिनेश गोस्वामी, छोटेलाल सैनी, सीताराम कुमावत, विसंभर जांगिड़, पवन राजपूत, रोहिताश सैनी, विक्रम सिंह,विष्णु घुसिंगा,सुरेश पारिक,अखिलेश शर्मा,सुभाष गोस्वामी,किशन गुर्जर(पप्पू), सोनू जांगिड़, कमलेश जोशी, अवधेश शर्मा, कन्हैया कुमावत,लीलाराम सोनी, हार्दिक बबेली, हुड्डा आदि मौजूद रहे।

## भारत मिलन कार्यक्रम में उमड़े शहर वासी

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राज ऋषि अभय समाज की ओर से शहर के हृदय स्थल होप सर्कस पर भरत मिलाप का आयोजन किया गया जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने इस नयनभिराम और भावुक क्षण को अपने मोबाइल में कैद किया। इस दौरान भगवान श्री राम 14 वर्ष के वनवास के बाद वापस अयोध्या लौटे और अपने भाई भरत से गले मिले । इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि अपना घर शालीमार के निदेशक अशोक सैनी व उनकी धर्मपत्नी रजनी सैनी ने भगवान श्री राम और उनके दरबार की महा आरती की।

**अलवर (का.स.)।** अभय समाज द्वारा चल रही श्री रामलीला का विधिवत समापन श्री राम भरत मिलाप एवं राम राज्याभिषेक के अनुपम झांकी के साथ विधिवत संपन्न हुआ। 4 अक्टूबर 2025 से 18 अक्टूबर 2025 तक नित्य रात्रि 9.30 बजे से महान सामाजिक धार्मिक एवं ऐतिहासिक नाटक महाराजा भर्तृहरि का शुभारंभ 4 अक्टूबर को होगा जो की 18 अक्टूबर तक चलेगा ।इस नाटक को देखने के लिए न केवल राजस्थान से बल्कि उत्तर प्रदेश दिल्ली हरियाणा पंजाब आदि सभी जगह से दर्शक बड़ी संख्या में आते हैं और रात भर बैठकर इस नाटक को श्रद्धापूर्वक देखते हैं ।

## संघ शताब्दी वर्ष पर स्वयंसेवकों ने मनाया विजयादशमी उत्सव, किया पथ संचलन



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक के संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में नयागांव बोलका में शुक्रवार को विजयादशमी उत्सव व पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। खंड कार्यवाह महेंद्र सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य बौद्धिककर्ता डॉ भगवान सहाय शर्मा रहे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सामाजिक सद्भाव प्रमुख डॉ गंगा श्याम गुर्जर तथा आदर्श शिक्षा समिति के सचिव सतीश शर्मा रहे। स्वयंसेवकों द्वारा नयागांव बोलका गांव में मुख्य मार्गों में पथ संचलन कर संघ के घोष में कदमताल मिलाते हुए बड़े जोर-शोर से पथ संचलन किया गया। पथ संचलन का ग्रामवासियों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस मौके पर सह कार्यवाह सुखराम मीना, जिला सह बौद्धिक प्रमुख अनुराग गौड़, घनश्याम, दयासागर सहित स्वयंसेवक सहित नयागांव बोलका, काली पहाड़ी के ग्रामीण उपस्थित रहे।

## गायत्री परिवार द्वारा 5 कुंडीय महायज्ञ आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** शुक्रवार प्रातः 9 बजे केंद्रीय कारागार अलवर की महिला विंग और पुरुष विंग में बंदियों द्वारा किए गए नौ दिवसीय नवरात्रा अनुष्ठान की पूर्णाहुति 5 कुंडी गायत्री महायज्ञ के सानिध्य में की गई। पुरुष विंग में 35 व्यक्ति और महिला विंग में 20 महिलाओं ने यज्ञ में आहुतियां समर्पित की।

जिला कलक्टर ने ली मत्स्य उत्सव 2025 की तैयारियों के संबंध में बैठक

# मत्स्य उत्सव की भव्यता के लिए विविधतापूर्ण कार्यक्रम एवं गतिविधियों का करें समावेश- जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने शुक्रवार को कलक्ट्रेट सभागार में मत्स्य उत्सव-2025 की तैयारयों के संबंध में बैठक लेकर उत्सव को भव्यता प्रदान करने के लिए विविधतापूर्ण कार्यक्रम एवं नूतन गतिविधियों का समावेश करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि 23 से 26 नवंबर तक आयोजित होने वाले मत्स्य उत्सव-2025 को भव्यता एवं आकर्षण प्रदान करने के लिए आपसी समन्वय से विविध गतिविधियों व कार्यक्रमों का समावेश करते हुए यथासमय समुचित तैयारी सुनिश्चित करें, ताकि उत्सव में अधिकाधिक जनसहभागिता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि शहर में नाइट टूरि'म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से होप सर्कस से सागर जलाशय के मध्य 25 नवंबर को आयोजित होने वाले कल्चरल कार्निवल व शोभायात्रा कार्यक्रम की संबंधित विभाग विशेष तैयारी सुनिश्चित करें, जिसमें शोभायात्रा स्ट्रीट का सौंदर्यकरण, लाइटिंग, क्लीनिंग, ग्रीनरी, फूड स्टॉल, स्थानीय कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां इत्यादि का समावेश होवें। उन्होंने निर्देश दिए कि लाल डिग्गी पर अतुल्य अलवर थीम पर स्वच्छता, कचरा पृथक्करण, सांस्कृतिक प्रस्तुति आदि गतिविधियों का आयोजन किया जावे। इसके अतिरिक्त उन्होंने योग कार्यक्रम को बायोडायवर्सिटी का पार्क में, भर्तृहरि पनोरमा पर पर भर्तृहरि नाट्य प्रस्तुति एवं वन विभाग द्वारा चुहडसिद्ध पर गतिविधि आयोजित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता को विद्युत लाइन, पोल, खंबे इत्यादि को सुव्यवस्थित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को मत्स्य उत्सव के दौरान कानून व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन एवं पार्किंग के समुचित इंतजाम करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि मत्स्य उत्सव के दौरान शहर की साफ-सफाई पर विशेष फोकस करें।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर श्रीमती बीना महावर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मु यालय कांबले शरण गोपीनाथ, यूआईटी की सचिव श्रीमती धीग्दे स्नेहल नाना, नगर निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह नरूका, उपखण्ड अधिकारी अलवर माधव भारद्वाज, पर्यटन विभाग की सहायक निदेशक श्रीमती टीना यादव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सैनी समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह कल

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर(धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित दयावाली मन्दिर के पुराने अलवर मार्ग पर सैनी महासभा समिति द्वारा सैनी समाज की प्रतिभाओं का सम्मान समारोह 05अक्टूबर 2025को आयोजित होगा।

बानसूर ब्लॉक के अध्यक्ष निरंजनलाल सैनी ने बताया कि प्रतिभाओं के सम्मान के लिए उनकी योग्यता सोशल मिडिया, राष्ट्रीय चैनलों और समाचार पत्रों सहित अन्य संसाधनों के जरिए प्रचार प्रसार कर जानकारी देदी गई है। वहीं सैनी समाज के जिला उपाध्यक्ष गोरधन सैनी ने बताया कि जो कार्यक्रम आयोजित हो रहा है वह समाज के अध्यक्ष निरंजन लाल सैनी के आदेशानुसार आयोजित किया जा रहा है।

समाज के संगठन के अध्यक्ष होने के नाते हम समाज बन्धुओं को तो उनके आदेश की पालना करनी ही पड़ेगी और समाज के आदेशानुसार कार्य भी करना पड़ेगा!

सैनी ने बताया कि समाज का आदेश सर्वोपरि पर पद बहुत नीचे! यदि मुझे पद देते हुए समाज आह्वान करे कि आप यहाँ के अध्यक्ष हैं तो मेरे पास शिवाय प्रार्थना कर उसे नहीं प्राप्त करने के लिए प्रार्थना की जाएगी कि मैं इस योग्य नहीं हूँ। क्योंकि मेरा समाज ही तो मेरा जीवन और आत्मा है यदि समाज का अस्तित्व नहीं बचेगा यानी संगठन नहीं बचेगा तो मेरा क्या अस्तित्व है! मैं शाक्य, कुशवाहा,सैनी, मौर्य,और माली समाज के बन्धुओं और बहनों से निवेदन करूँगा कि आप अपनी योग्यता का प्रदर्शन करते हुए समाज को गौरवान्वित करते रहें और अधिक से अधिक संख्या में दयावाली मन्दिर परिसर स्थित सैनी महासभा पंहुँचकर कार्यक्रम की सौभा बढ़ावें।

## सैनी ने किया प्रदेशाध्यक्ष पद के लिए आवेदन

बढ़ता राजस्थान

### निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट मंगल सैनी को सौंपा आवेदन



**बानसूर(धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र के उपखण्ड नारायणपुर के गाँव लीलामंढा निवासी नरेन्द्र सैनी ने प्रदेशाध्यक्ष पद के लिए आवेदन किया है। उल्लेखनीय है कि नरेन्द्र सैनी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं।

निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट मंगल सैनी ने बताया कि सैनी समाज कर्मचारी एवं अधिकारी विकास संस्थान राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष पद के लिए चुनाव 26अक्टूबर 2025को विद्याधर नगर में होने हैं।जिसकी प्रक्रिया यानी आवेदन 01अक्टूबर 2025से 08अक्टूबर 2025तक मांगे गए हैं। उन्होंने बताया की प्रदेशाध्यक्ष पद के लिए आवेदनों की छटनी या नाम वापसी का समय 18अक्टूबर 2025तक पूरा किया जाएगा। शेष बचे आवेदन करने वालों को प्रदेशाध्यक्ष पद के लिए अधिकृत प्रत्याशी माना जाएगा, जिसकी चुनाव प्रक्रिया 26अक्टूबर 2025को संपन्न होगी। मतदान के बाद मतों की गिनती होगी और विजेता प्रत्याशी को प्रदेशाध्यक्ष पर निर्वाचित घोषित किया जाएगा। प्रदेशाध्यक्ष पद के लिए आवेदन कर्ता नरेन्द्र सैनी राजकीय सेवा के साथ -साथ समाजसेवी भी हैं। उनके आवेदन करने के बाद विधानसभा क्षेत्र के सैनी समाज के अदिकारियों और कर्मचारीयों में ख़ुशी की लहर दौड़ गई है। इस मौके पर निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट मंगल सैनी, भागचंद सैनी, बनवारी लाल सैनी, रमेश सैनी, कमलेश सैनी, मेघराज सैनी, सुशील सैनी, संजय सैनी, गिर्राज सैनी सहित सैनी समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा पखवाडे के तहत 2 लाख 13 हजार 794 कार्य व गतिविधियां की गई सम्पादित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के दिशा-निर्देशन में सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए जिले में सेवा पर्व पखवाडे के अंतर्गत 17 सितम्बर से 27 सितम्बर तक आयोजित शिविरों में 2 लाख 13 हजार 794 कार्य व गतिविधियां सम्पादित कर ग्रामीणों को योजनाओं और सेवाओं से लाभांवित कराया गया।

जिला कलक्टर ने बताया कि राजस्व विभाग के द्वारा कुरैजात रिपोर्ट के 59 प्रकरण, लंबित फॉर्मर रजिस्ट्री को पूर्ण करवाने के 412 प्रकरण, नामान्तकरण रिपोर्ट में स्वतः नामान्तकरण के 226 प्रकरण, भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 135(2) के 21 प्रकरण एवं अतिरिक्त शेष रहे नामान्तकरण के 755 प्रकरण, आपसी सहमति से विभाजन के 135 प्रकरण, मूल निवास के 2151 एवं जाति प्रमाण पत्र के 2012 प्रकरण, भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 के 279 प्रकरण तथा लंबित गैर खातेदारी से खातेदारी प्रकरणों का निस्तारण कर राजस्व रिकॉर्ड में इन्द्राज करने के 5 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। साथ ही किसान गिरदावरी एप के बारे में कैम्प में आए 34146 लोगों को जानकारी दी गई एवं 22733 लोगों को एप डाउनलोड करवाया गया। इसी प्रकार शिविरों में कृषि विभाग द्वारा मिनी किट से 5084 कृषकों को लाभांवित करवाया गया एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की 852 पॉलिसी वितरित की गई। उन्होंने बताया कि वन विभाग द्वारा हरियालो राजस्थान अभियान के तहत 37129 पौधे लगाए गए तथा वृक्षारोपण हेतु नमो वन/नमो पार्क के लिए 1087.18 हैक्टेयर भूमि का चिन्हिकरण किया गया। उन्होंने बताया कि उर्जा विभाग द्वारा शिविर में किए जाने वाले कार्यों के अंतर्गत कुल 1600 प्रकरण का निस्तारण किया गया। जिनमें विद्युत सप्लाई में व्यवधान संबंधी 460 प्रकरण, त्रुटिपूर्ण मीटर संबंधी 247 प्रकरण, जले हुए ट्रांसफार्मर को बदलने में विलम्ब संबंधित शिकायत के 53 प्रकरण शामिल थे।

## गांव की मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं होने पर युवा समाजसेवी का अनशन दूसरे दिन भी जारी




बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** रैणी (अलवर)। रैणी पंचायत समिति के बैरेर गांव में व्याप्त समस्याओं को लेकर एक युवा समाजसेवी राजेंद्र मीना ने गुरुवार शाम से बैरेर गांव में सती माता मंदिर प्रांगण में अनशन पर बैठ गये है। राजेंद्र मीना ने बताया कि पंचायत में आयुर्वेद भवन की मरम्मत, खुले कुओं का भराव करने एवं तारबंदी, बंदरों का आतंक को खत्म करने, पंचायत में रोड़ लाइट, सीसीटीवी कैमरे लगवाने, संस्कृत विद्यालय में शिक्षकों की कमी दूर करने, ग्राम पंचायत में पेयजल तथा बिजली आदि समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि वो लगातार काफी दिनों से विभिन्न कार्यालयों में गांव की समस्याओं के लिए ज्ञापन दे चुके हैं परन्तु अभी तक प्रशासन ने कोई भी सुनवाई नहीं की है।

कारागार विभाग की पहल

# केंद्रीय कारागृह में बंदियों को वितरित किए गए प्रमाण पत्र

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** कारागार विभाग द्वारा राज्य की कारागृहों में निरूद्घ बंदियों में सुधारात्मक बदलाव एवं समाज में पुनःस्र्थापन हेतु आज केंद्रीय कारागृह अलवर में बंदियों को उच्च शिक्षा हेतु संचालित इग्नू विशेष अध्ययन केंद्र में विगम वर्षों में पढाई कर सफलतापूर्वक प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले 13 कैदियों, तकनीकी शिक्षा में कारपेंटर ट्रेड में आईटीआई करने वाले 32 कैदियों तथा कौशल विकास में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 71 कैदियों को कार्यक्रम आयोजित कर प्रमाण पत्र वितरण किए गए।

केंद्रीय कारागृह के अधीक्षक श्री शिवेन्द्र शर्मा ने बताया कि वर्ष 202-21 से अब तक इग्नू शिक्षा में करीब 1100 बंदियों को विभिन्न प्रमाण पत्र, डिप्लोमा एवं डिग्री पाठ्यक्रमों में नामांकित करवाया जाकर बंदियों को शिक्षा से जोडा गया। इनमें अब तक 379 बंदियों ने सर्टिफिकेट, डिप्लोमा व डिग्री में प्रमाण पत्र प्राप्त किए हैं। उन्होंने बताया कि सत्र जून 2025 में 145 बंदियों के प्रवेश आवेदन भेजे गए हैं। तकनीकी शिक्षा में वर्ष 2020-21 से अब तक 146 बंदियों को एक वर्षीय कारपेंटर ट्रेड में आईटीआई केंद्र केंद्रीय कारागृह अलवर में नामांकित करवाया गया, जिनमें 97 बंदियों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 से आईटीआई में सौर उर्जा उपकरण मरम्मत (इलैक्ट्रिकल) में नया कोर्स प्राप्त किया गया है जिनमें 24 बंदियों को तथा कारपेंटर ट्रेड में भी 24 बंदियों को प्रवेशित किया गया है। उन्होंने बताया कि कौशल विकास कार्यक्रम के तहत कारागृह में 370 बंदियों को हाउस वायरिंग, कुकिंग, बागवानी, योगा आदि में कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कारागृह में निरक्षर बंदियों को सतत शिक्षा कार्यक्रम के तहत बंदियों को साक्षर करवाया जा रहा है। सतत शिक्षा एवं साक्षरता प्रकोष्ठ उमरैण के माध्यम से आयोजित साक्षरता परीक्षा में अब तक 118 बंदियों ने साक्षरता परीक्षा दी है। इस दौरान कारापाल श्री रवीन्द्र उपाध्याय, उप कारापाल श्री सचिन कसाना, मुख्य प्रहरी श्री नरेन्द्र कुमार बैरवा सहित कारागृह के कार्मिक मौजूद रहे।

## जिला कारागृह झालावाड में अपराधी सुधार दिवस मनाया



बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ (नि.स.)।** समाज कल्याण सप्ताह के तहत शुक्रवार को जिला कारागृह झालावाड में अपराधी सुधार दिवस मनाया गया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक रामनिवास यादव द्वारा बंदियों को सुधार के क्षेत्र की जानकारी दी गई। इस दौरान परिवीक्षा एवं कारागृह कल्याण अधिकारी महावीर सिंह द्वारा बंदियों की पैरोल, पुनर्वास के एवं कृष्णमोहन देवड़ा द्वारा नशामुक्ति के संबध तथा संजय कुमार शर्मा एवं कुलदीप सिंह ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में संरक्षण अधिकारी विष्णु कुमार, सुनील पाटीदार उपस्थित रहे। जिला कारागृह के बंदियों को नेहा एजुकेशन एण्ड वेलफेयर सोसायटी झालावाड़ एवं कालूलाल लोधा बाला जी सर्विसेज द्वारा बंदियो को अल्पाहार करवाया गया।

## दुर्गाष्टमी पर युवक की गोली मारकर हत्या, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** मंडाना थाना क्षेत्र के रामगढ़ गांव में दुर्गाष्टमी के दिन हुई फायरिंग और हत्या की वारदात का कोटा ग्रामीण पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी श्यामलाल को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि कुछ अन्य बदमाशों को भी डिटेन किया गया है।

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कोटा ग्रामीण सुजीत शंकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि मृतक शंकर गांव के दो पक्षों के बीच झगड़े में समझाइश करने की कोशिश कर रहा था। इस दौरान हुए विवाद में उसे गोली लग गई, जिससे उसकी मौत हो गई।

एसपी ने बताया कि गांव के ही देवकरण और बलदेव के बीच पुरानी रंजिश चली आ रही थी। दोनों पक्षों में पहले भी मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। दुर्गाष्टमी पर गांव के मंदिर में माताजी की पूजा के दौरान दोनों पक्षों में फिर विवाद भडक़ गया और देखते ही देखते लाठी-गंडासे और फायरिंग तक हो गई। इसी दौरान चली गोली शंकर के सिर में लगी और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। फिलहाल मंडाना थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## भारतीय स्काउट्स एवं गाइड्स की 16वीं जिला रैली का भव्य शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** पश्चिम मध्य रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, कोटा मंडल की 16वीं जिला रैली का शुभारंभ शुक्रवार को अपर मंडल रेल प्रबंधक एवं जिला मुख्य आयुक्त ललित कुमार धुरंधर ने किया। तीन दिवसीय यह रैली 3 से 5 अक्टूबर तक जिला मुख्यालय एवं प्रशिक्षण केंद्र, कोटा में आयोजित की जा रही है। शुभारंभ अवसर पर जिला आयुक्त (स्काउट) धर्मेन्द्र कश्?टवार, जिला आयुक्त (गाइड) डॉ. सुषमा भटनागर, सहायक जिला आयुक्त (स्काउट) अविरल शर्मा, सहायक जिला आयुक्त (गाइड) डॉ. मनीषा शर्मा सहित मंडल पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

रैली में प्रतिभागियों के लिए गेट मेकिंग, कैंप क्रॉफ्ट, पायनियरिंग प्रोजेक्ट, रंगोली, मेहंदी, मार्च पास्ट और लोकनृत्य जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

## 2 माह पूर्व गुम हुई नाबालिग बालिका जयपुर से सकुशल रेस्क्यू

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/कोटा।** पुलिस मुख्यालय राजस्थान, जयपुर द्वारा गुमशुदा नाबालिग बच्चों की दस्तयाबी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन खुशी-ङ्क" के अंतर्गत कोटा शहर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। कोटा शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि दिनांक 04अगस्त 2025 को थाना रामपुरा कोतवाली क्षेत्र से 16 वर्षीय नाबालिग बालिका घर से बिना बताए लापता हो गई थी। परिजनों की रिपोर्ट पर धारा 137 (2) बी.एन.एस. में प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की गई। घटना को गंभीरता से लेते हुए एएसपी नियति शर्मा (महिला अपराध अनुसंधान सैल) के निर्देशन एवं एएचटीयू एवं मिसिंग पर्सन सेल प्रभारी श्रीमती बबीता चौधरी उ.नि. के नेतृत्व में विशेष टीम बनाई गई। टीम में कांस्टेबल दिनेश एवं महिला कांस्टेबल मन्जु को शामिल किया गया। तकनीकी आसूचना संकलन एवं विश्लेषण के बावजूद प्रारंभ में सुराग नहीं मिलने पर पुलिस मुख्यालय ने जानकारी देने पर ? 5000 का इनाम घोषित किया था।

वन विभाग की ताबड़तोड़ कार्रवाई:

# अवैध खनन व परिवहन के खिलाफ शिकंजा, वनकर्मी का भाई काली रेत के साथ दबोचा

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** वन मंडल और रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व अभयारण्य क्षेत्र में अवैध खनन व अतिक्रमण पर उप वन संरक्षक और कोर निदेशक देवेंद्र सिंह भाटी की अगुवाई में ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है। इन कार्रवाइयों ने अवैध खननकर्ताओं में हडक़ंप मचा दिया है।

**केस 1- वनकर्मी के भाई का ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त**

गुरुवार देर रात जेतपुर रेंज के नाड़ी का झोपड़ा क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई। मेज नदी से काली रेत का अवैध परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त किया गया। यह ट्रैक्टर ट्रॉली पोखानाडा चौकी पर तैनात वनरक्षक फोरी मीणा के भाई रविंद्र कुमार मीणा की थी, जिसका अवैध परिवहन उस वक्त वनरक्षक का दूसरा भाई राजेश मीणा कर रहा था। वनकर्मियों ने पीछा कर उसे दबोचा और वाहन जब्त किया।

**केस 2- विभिन्न रेंजों में अवैध परिवहन व अतिक्रमण पर कार्रवाई**

केशोरायपाटन रेंजः रोटेदा नाके पर सहायक वन संरक्षक सौरभकुमार मंगल और स्टाफ ने काली रेत का अवैध परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त की।



हिण्डोली रेंज (गणेशगंज)- सहायक वन संरक्षक सुनील कुमार धाबाई (नैनवां) द्वारा 20 बीघा वनभूमि पर जंगल साफ करके किए गए अतिक्रमण को मुक्त कराया गया और कृषि उपकरण जब्त किए गए।

इटावा रेंज (गैंता कीरपुरिया)- काली बजरी का अवैध परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर मय ट्रॉली को जब्त किया गया है।

### मार्च में भाग निकले वाहन दोबारा जब्त

सहायक वन संरक्षक सुनील कुमार धाबाई ने मार्च में वनखण्ड केसरपुरा से अवैध कुट्टी करते हुए जब्त की गई जेसीबी मशीन और अन्य वाहनों को शुक्रवार को दोबारा जब्त किया। इन वाहनों को उस वक्त अपराधी स्टाफ पर घातक हमला कर मौके से भगा ले गए थे।

अवैध खनन पर लापरवाही, तीन वनकर्मी हटाए गए

गत 26 सितंबर को डाबी रेंज के गरडदा के धोरला वनखंड में डायवर्जनशुदा लीज पर चल रहे अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई की गई थी। इसमें एक जेसीबी, दो ट्रैक्टर मय कंप्रेसर व एक पानी का टैंकर जब्त किया गया था। लीज के निरीक्षण में पाया गया कि लीजधारक द्वारा लीज से बाहर वनभूमि पर अवैध रूप से खनन किया गया और अवैध खनन स्टॉक को भी वनभूमि पर रखा गया था, जो डायवर्जन स्वीकृति की शर्तों का उल्लंघन था।



वहीं, गरडदा नाका अधीन वनखण्ड गुंवार में वनभूमि पर कई जगह अवैध खनन पाए जाने पर उप वन संरक्षक देवेंद्र सिंह भाटी ने गंभीरता दिखाते हुए कार्रवाई की। उन्होंने गरडदा नाका प्रभारी विक्रम हूण, वनरक्षक शिम्भु दयाल कुमावत और मयंक मीना को नाके से हटा दिया है।

### सख्त कार्रवाई के बीच वनकर्मियों का सम्मान

अवैध खनन के खिलाफ की गई ताबड़तोड़ कार्रवाइयों से वनकर्मियों का मनोबल बढ़ाने के लिए उप वन संरक्षक व कोर निदेशक देवेंद्र सिंह भाटी ने शुक्रवार दोपहर उन्हें सम्मानित किया।

### इन्हें मिला सम्मान

डाबी एसीएफ नितिन सैनी, वन मंडल बूंदी के रेंजर सुनील धाबाई,आरवीटीआर टीम के कुलदीप सिंह व दीपक सैनी, किशनाराम, मनीष गुर्जर, और तोलाराम, गरडदा में डायवर्जन लीज पर कार्रवाई करने वाले गश्ती दल प्रभारी तेजपाल सिंह ।

## बारिश से क्षतिग्रस्त रास्ते से किसानों का जनजीवन प्रभावित,विभाग पर लापरवाही का आरोप

बढ़ता राजस्थान

**बूँदी/बांसी दुगारी।** पदम जी शाह के कुए से उराशी माइनर देवनारायण भगवान तक का मार्ग पिछले वर्ष की भारी बारिश के बाद से पूरी तरह खराब स्थिति में है। वर्तमान समय में तालाब का ओवरफ्लो का पानी अधिक मात्रा में निकलने से रास्ता पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। सूत्रों के अनुसार, मार्ग पर लगभग चार स्थानों पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं और सडक़ किनारे उगे जंगली बम्बुलु से रास्ता पूरी तरह बंद हो गया है। इससे किसानों को अपनी फसल लाने-ले जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आने वाले समय में



हकाई जुताई के लिए ट्रैक्टर मार्ग पर ले जाने में भी कठिनाई होने की आशंका है। किसानों का कहना है कि संबंधित विभाग ने अभी तक इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया है। उनका आरोप है कि ग्राम पंचायत ने बजट के अभाव को कारण बताकर सुधार कार्य में देरी की है। किसानों ने विभाग से अभी समय रहते हुए आम रास्ते पर झिकरा डालने और बम्बुल काटने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि कुछ दिनों में रास्ते की मरम्मत नहीं की गई।

## परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 रावतभाटा में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री का जन्मदिन दिवस मनाया

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी का जन्मदिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रार्थना सभा में उप प्राचार्य श्री मुकुंद देवधर एवं सभी अध्यापकों ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी के छाया चित्र पर माल्यार्पण किया द्य सभा में कक्षा चौथी अ के छात्र लॉरेंस ने अहिंसा पर सुविचार प्रस्तुत किया कक्षा दूसरी ब की छात्रा आरिका सिंह ने गांधी जी पर कविता प्रस्तुत की ,जिसका शीर्षक



था 'हमारे बापू 'कक्षा सातवीं ब की छात्रा तन्वी मीणा ने गांधी जी पर एक भाषण प्रस्तुत किया । वहीं कक्षा नवी अ की छात्रा अंशिका वशिष्ठ ने लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन एवं कार्यों पर एक भाषण दिया । शिक्षक श्री प्रेम कुमार सुथार ने इन दोनों महान विभूतियों पर अपने विचार प्रस्तुत किये तथा शिक्षिका शिखा शर्मा ने देश भक्तों, शहीदों के कार्यों एवं उनके बलिदान पर एक कविता प्रस्तुत की । इस अवसर पर विद्यालय के उपप्राचार्य श्री मुकुंद देवधर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इन दोनों महान विभूतियों का जीवन , उनका त्याग, देशप्रेम हर भारतवासी के के लिए प्रेरणादायक है । उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे इन महान विभूतियों पर आधारित पुस्तकें पढ़े या फिल्में देखें जिससे वे और भी इनके बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं ।

राष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलन-2025

## डॉ. नयन प्रकाश गांधी को फ्यूचर लीडर अवार्ड फॉर सस्टेनेबल सोशल चेंज से नवाजा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा(का.स.)।** राष्ट्रीय शिक्षासम्मेलन-2025, जिसका आयोजन एलीट चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (ईसीसीआई) ने नई दिल्ली के ली मेरिडियन होटल में किया, मंगलवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतिष्ठित सम्मेलन में पूर्व मंत्री सुरेश पचौरी, आईसीटीई से डॉ. बुद्धा चंद्रशेखर, प्रतिष्ठित पब्लिक आलसी सीएसआर एक्सपर्ट लीडरशिप कोच डॉ. नयन प्रकाश गांधी, यूथ कॉर्पोरेट लीडर स्पीचगियर भरत बी. चंद्रा, प्रो. हितेंद्र मिश्रा,अंतराष्ट्रीय एजुकेशन लीडर नोएडा फिल्म सिटी फाउंडर डॉ.संदीप मारवाह, ,मेजर सी.एम. भांडा (सेवानिवृत्त), ले. कर्नल रतन सिंह गाबा, डॉ. कुंवर शेखर विजेंद्र, डॉ. कैलाश बिहारी सिंह, डॉ. दीपक कुमार, सीए दीनदयाल अग्रवाल, प्रो. विजय कुमार दीवान, सीए शंकर अंदानी, डॉ. कृष्ण चहल समेत देश के अन्य विशिष्ट अतिथियों की उपस्थित रही। सम्मेलन का मुख्य एजेंडा शिक्षा मंत्रालय की नई शिक्षा नीति के अनुरूप उच्च शिक्षा को उद्योग की मांगों के अनुसार रूपांतरित करना, कौशल-आधारित शिक्षा और व्यावहारिक अनुभव को बढ़ावा देना रहा।

## गंभीर धायलों की जान बचाने वालों का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ (नि.स.)।** जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा भारत सरकार की राहवीर योजनान्तर्गत सडक़ दुर्घटना में गंभीर घायल व्यक्ति की सहायता कर उसकी जान बचाने वालों का चयन कर शुक्रवार को सम्मान किया गया। इस दौरान जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार बुडानिया ने राहवीरों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया।

पीडित्रों की जान बचाने वाला ईश्वर तुल्य होता है - जिला कलक्टर

सम्मान समारोह के दौरान जिला कलक्टर ने कहा कि सडक़ दुर्घटनाओं में पीडित्रों की समय पर मदद कर उनकी जान बचाने



वाला ईश्वर तुल्य होता है। हमारा यह दायित्व बनता है कि ऐसे लोगों को सम्मान देना चाहिए। इस प्रकार के कार्य करने से समाज के अन्य व्यक्ति भी प्रेरित होते हैं। उन्होंने इस कार्य में मीडिया की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताया है।

उन्होंने बताया कि जिले में गत वर्ष 2024 माह सितम्बर में 35 सडक़ दुर्घटनाएं हुई थी जिनमें 13 मृत्यु व 43 व्यक्ति घायल हुए थे वहीं इस वर्ष जिला एवं पुलिस प्रशासन के अथक प्रयासों से इन आंकड़ों में काफी सुधार आया है। इस वर्ष सितम्बर 2025 में मात्र 8 सडक़ दुर्घटनाएं हुई हैं जिनमें केवल 1 मृत्यु व 4 व्यक्ति घायल हुए हैं। इस प्रकार पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 12 व्यक्तियों की जान बचाई गई है।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने गंभीर घायलों को अस्पताल पहुंचाने वाले राहवीरों की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि हाल ही में दशहरा महोत्सव के दौरान एक आकस्मिक घटना हुई जिसमें एक बच्चा आतिशबाजी के दौरान घायल हो गया था, जिसे तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उसकी सहायता की गई। उन्होंने कहा कि सडक़ दुर्घटना की स्थिति में घायलों की मदद करने में कभी भी संकोच न करें। आपकी त्वरित सहायता से किसी की जान बच सकती है। इस दौरान वर्ष 2025 में सितम्बर माह तक सडक़ दुर्घटनाओं में घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाने वाले राहवीरों जीवन गुर्जर, दिनेश कुमार, बापूलाल ऐरवाल को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

ग्रामीण सेवा शिविरों के अवलोकन मे पहुँचे ऊर्जा मंत्री

# बरसों से बसे गांवों को आबादी क्षैत्र में लेने का प्रस्ताव भेजे जाएंः नागर

बढ़ता राजस्थान

**कोटा/बपावर/ कनवास (विनोद गौड़)।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर शुक्रवार को आवां, धूलेट,मोई कलां और लटूरी पहुंच कर ग्रामीण सेवा शिविरों मे पहुंचे। उन्होंने विभिन्न कार्यों को लेकर पहुंचे ग्रामीणों से अभाव अभियोग सुने। अधिकारियों को तत्परता से अभाव अभियोग निपटाने के निर्देश दिए।



मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार के जनता के लिए समर्पित है। आम जनता को किसी ऑफिस का चक्कर न लगाना पड़े। इसलिए पूरा प्रशासनिक अमला आपके गांव में आया है। यहां बरसों पुराने विवादों से लेकर विभिन्न प्रमाण पत्र बनाने तक के कार्य मौके पर संपन्न किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन शिविरों के बावजूद भी यदि किसी का काम नहीं होता है तो इसके लिए अधिकारी जवाबदेह होंगे। जनता के कामों में लेट लतीफी नहीं चलेगी, ऐसे अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही होगी। इस दौरान मंत्री हीरालाल नागर किशनपुरा, घाटोलिया, अतरालिया, रामपुर की झोपडियां, इंदलपुर, खेड़ली, खेडली खोदा, चनावता, नाहरिया गांव में भी पहुंचे। जहां उन्होंने ग्राम चौपाल कर ग्रामीणों से संवाद किया। इस दौरान नगर में अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बरसों से वन भूमि पर बसे गांवों को आबादी क्षेत्र में लेने का प्रस्ताव भेजें। जिससे ग्रामीणों को पट्टा मिल सके। जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल ने बताया कि शनिवार को ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर मोरु कलां, लोढाहेड़ा, दिल्लीपुरा और दीगोद के ग्राम सेवा शिविरों का अवलोकन करेंगे। इसके वे गुरायता, बोरीना खुर्द, तरकस्या, विजयपुर, कुदैत, कोटडी, घानाहेड़ा, लक्ष्मीपुरा गांव में ग्राम चौपाल कर जनसंवाद करेंगे।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय कमला उद्यान कोटा में दशहरा ओर भूमि पूजन का कार्यक्रम धूम धाम से मनाया

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** शुक्रवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय कमला उद्यान कोटा में दशहरा बड़ी धूम धाम से मनाया गया ।कार्यक्रम मै सेवा केंद्र प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी उर्मिला दीदी ने आए हुए सभी भाई बहनों को ईश्वरीय मुरली सुनाई और रावण दहन किया ।दशहरे का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि रावण चाहे कितना भी बड़ा हो जाए लेकिन अंत मै उसे खत्म होना ही पड़ता है ।रावण को दशानन भी कहा जाता है क्यों कि पांच विकार स्त्री मै ओर पांच विकार पुरुष मै होते है इसलिए रावण को दशानन भी कहते है । कलयुग के अंत मै निराकार परमात्मा शिव (राम) आकर ज्ञान के द्वारा हम सब के अंदर छुपी बुराइयों ओर अहंकार



रूपी रावण को खत्म करते है और रामराज्य सतयुग की स्थापना का कार्य करते है ।

खुशियों के इसी क्रम में लोगों मै बढ़ रहे मानसिक तनाव ओर आपसी वैमनस्य को देखते हुए विज्ञान नगर आदर्श ब्लॉक मै ब्रह्माकुमारी के नए सेवाकेंद्र के भूमि पूजन का कार्यक्रम भी रखा गया जिसमें इंदौर जोन प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी उज्जैन जोन प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी ऊषा दीदी ओर कोटा संभाग प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी उर्मिला दीदी ओर मुख्य अतिथि श्रीमती सुनीता डागा एडिशनल कमिश्नर (जी. एस.टी.) ओर भ्राता राजेश डागा (पर्सनल असिस्टेंट लोकसभा स्पीकर ओम बिरला जी) ने भूमि पूजन के कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।श्रीमती सुनीता डागा ने शिव बाबा के कार्य मै थोड़ा भी योगदान भाग्य की बात बताते हुए इसमें अपना सहयोग करने की बात कही।अंत मे ब्रह्माकुमारी उर्मिला दीदी ने आए हुए सभी मेहमानों ओर भाइयों को ईश्वरीय प्रसाद देकर विदा किया ।

## जिला धौलपुर राशन डीलर का लाइसेंस निलंबित, फिर भी बांट रहा राशनः धौलपुर में अधिकारी अनजान, कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** धौलपुर जिले में रसद विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। एक राशन डीलर का लाइसेंस तीन माह पहले निलंबित कर दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद वह लगातार राशन वितरण कर रहा है। इस मामले में जिम्मेदार अधिकारी एक-दूसरे पर जिम्मेदारी टाल रहे हैं। यह मामला धौलपुर के कुंजी का नगला स्थित राशन डीलर सत्यवीर सिंह से जुड़ा है। ग्रामीणों की शिकायत पर रसद विभाग ने जांच कराई थी। जांच अधिकारी ने तीन माह पूर्व डीलर को दोषी पाया और उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट भेजी। इस रिपोर्ट के आधार पर जिला रसद अधिकारी ने सत्यवीर सिंह का लाइसेंस निलंबित कर दिया था और प्रवर्तन अधिकारी बाड़ी को कुंजी का नगला की दुकान अटैच करने के निर्देश दिए थे। प्रवर्तन अधिकारी बाड़ी, गजेंद्र बाबू शर्मा ने बताया कि उनकी जांच में राशन डीलर दोषी पाया गया था, जिसके बाद जिला रसद अधिकारी ने उसका लाइसेंस निलंबित कर दिया। शर्मा ने यह भी स्वीकार किया कि लाइसेंस निलंबन के बावजूद निलंबित डीलर द्वारा अभी तक राशन बांटा जा रहा है, जिससे विभाग की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लग गया है। मामले को लेकर जिला रसद अधिकारी कल्याण सहाय करोल ने बताया कि उन्हें अभी तक इस पूरे प्रकरण की जानकारी नहीं है।

## शहरी सेवा शिविर और सामान्य अस्पताल में टीबी मरीजों को पोषण किट का वितरण

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी(राजू शर्मा)।** शहर में आयोजित शहरी सेवा शिविर में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के कार्मिकों ने टीवी रोग से ग्रसित मरीजों को पोषण किट का वितरण किया। चिकित्सा विभाग के डॉ सुनील मीणा ने बताया कि टीवी पेशेंट को दवा के साथ-साथ पौष्टिक आहार की जरूरत होती है। कई मरीज ऐसी होते हैं जो आर्थिक तंगी के चलते पोष्टिक आहार ग्रहण नहीं कर पाते। ऐसे में भामाशाहों के सहयोग से यह पोषण किट तैयार की है। जिसका वितरण जरूरतमंद मरीजों को किया जा रहा है। शहरी सेवा शिविर के अंतर्गत टीबी रोग से ग्रसित 15 मरीजों को यह पोषण किट प्रदान की गई। इसके अलावा शहर के सामान्य अस्पताल में युवा लैब टेक्नीशियन जयंत अरेला द्वारा 05 मरीजों को पोषण किट का वितरण किया गया। अरेला नर बताया कि टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को लेकर यह अभियान चलाया गया है। जिसमें भामाशाहों का सहयोग लिया जा रहा है। इस दौरान ब्लॉक हेल्थ सुपरवाइजर धर्मेंद्र शर्मा,डीपीसी प्रेम सैनी,टीबी यूनिट प्रभारी नितेश गोयल, एएनएम रेखा महावर एवं अन्य मौजूद रहे।

## छुट्टी पर आये नौ सेना के जवान को तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर, घायल जवान ने कोतवाली थाने में दी घटना की रिपोर्ट

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी(राजू शर्मा)।** शहर के अस्पताल चौराहे पर एक तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने छुट्टी पर आए नौसेना के जवान को टक्कर मार दी। पीछे से मारी टक्कर के बाद जब जवान सडक़ पर गिर गया तो तेज रफ्तार स्विफ्ट का अग्रवाल धर्मशाला,रेलवे फाटक होते हुए सैपऊ रोड की तरफ भाग गई। घटना के बाद घायल जवान ने अपने परिजनों ने बुलाया।



जिन्होंने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। घायल जवान ने घटना को लेकर कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शहर की व्यास कॉलोनी गुमट निवासी प्रिंस पुत्र साहब सिंह ने बताया कि वह भारतीय नौसेना में सैनिक के पद पर तैनात है। उसकी सेना संख्या 239109 स्न है। वह कुछ दिन पहले छुट्टी लेकर अपने घर आया हुआ था। गुरुवार की शाम 7 बजे से 7:30 बजे के बीच जब बाजार में सामान लेने जा रहा था। इस दौरान अस्पताल चौराहे के पास पीछे से आई तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने उसे टक्कर मार दी। घटना के बाद जब नीचे गिर गया तो आरोपी कार चालक कार को तेजी से बाहर तेजी से सैपऊ रोड की ओर ले गया। एक्सीडेंट में उसके दाहिने पैर में गंभीर चोट आई है। पीड़ित जवान प्रिंस गुर्जर ने घटना को लेकर कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी कार चालक के खिलाफ हिट एंड रन में कार्रवाई की मांग की है।

## किले की प्राचीर पर राष्ट्रीय ध्वज लगा उल्टा, आमजन में चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**वैर / भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** उपजिला मुख्यालय वैर के मध्य में स्थित एतिहासिक किले की प्राचीर पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा उल्टा लगे होने की जानकारी मिलने पर आमजन में असंतोष व्याप्त हो गया द्य इसकी शिकायत मिलने पर नगर पालिका प्रशासन द्वारा सही करवाया गया। क़स्बा के बाशिन्दों ने बताया की कस्बे के मध्य में ऐतिहासिक किला स्थित है जिसकी तरफ पश्चिम में एक झरोखा है द्य इस झरोखे पर राष्ट्रीय ध्वज उल्टा लगा हुआ था जिसकी आमजन में चर्चा रही लोगों ने नाराजगी प्रदर्शित की द्य क़स्बा के लोगों ने प्रशासनिक अधिकारियो



को इसकी जानकारी दी व राष्ट्रीय ध्वज के अपमान करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की द्य तहसीलदार महेश शर्मा एवं नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी जितेंद्र गर्ग को जैसे ही यह शिकायत मिली उन्होंने इस पर तत्काल कार्रवाई प्रारंभ कर दी। अधिशासी अधिकारी गर्ग ने बताया कि किले की प्राचीर मे पश्चिम की ओर स्थित झरोखे पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा उल्टा लगा होने की शिकायत मिली थी जिसे सही करवा दिया गया है द्य मामले की जांच की जा रही है द्य दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी ।

## पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गिरिराज प्रसाद तिवारी का निधन,

बढ़ता राजस्थान

**वैर / भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को जिले के बिडय़ारी, (बयाना) पहुंचे ।जहां पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व. गिरिराज प्रसाद तिवारी की पार्थिव देह पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने



दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को यह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी, विधायक बहादुर सिंह कोली, डॉ. ऋतु बनावत, जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा, पूर्व सांसद रंजीता कोली, पूर्व सांसद पंडित रामकिशन, डिप्टी मेयर गिरीश चौधरी, व्यापारी संगठन अध्यक्ष संजीव गुप्ता, दिनेश सूपा, गिरधारी तिवारी, सतीश सोगरवाल, योगेश सिंघल, दौलत फौजदार, जनप्रतिनिधि, परिजन एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# पूरे सेवाकाल छात्रों एवं शिक्षक हितों की पैरवी कर समाज में शिक्षा का प्रसार किया: रामप्रताप मीणा

### शैक्षिक उपलब्धियों पर शिक्षकों व ग्रामीणों एवं संगठन ने किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश सभाध्यक्ष रामप्रताप मीणा के राजकीय सेवा से सेवा निवृत होने पर शिक्षकों, ग्रामीणों व सामाजिक लोगों एवं संगठन के पदाधिकारियों ने जगह-जगह स्वागत द्वारा बनाकर ऐतिहासिक विदाई दी। पचास से अधिक गाडियों के काफिले के साथ राम प्रताप मीणा को शिक्षकों ने खुली जीप में बिठाकर स्कूल से लेकर बालोद,कापरेन, अरने अरूणिता अरनेठा आडा गेला बालाजी ,केशब राय पाटन में जगह जगह स्वागत द्वार लगाकर साफा ,साल व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। अग्रवाल मैरिज गार्डन में विधान सभा के पूर्व उपाध्यक्ष रामनारायण मीणा की अध्यक्षता में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष रामनारायण मीणा ने कहा कि शिक्षा के बिना किसी भी समाज का विकास नहीं हो सकता है ।समाज और देश में शिक्षा का संचार करने का दायित्व शिक्षकों पर ही होता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक ही समाज की दशा एवं दिशा तय



करते हैं ,इसीलिए एक अच्छे शिक्षक का सदैव समाज की ओर से सम्मान किया जाता है। उन्होंने राम प्रताप मीणा को एक आदर्श शिक्षक एवं शिक्षक नेता बताते हुए युवा पीढ़ी के शिक्षकों से प्रेरणा लेने आह्वान किया। इस दौरान प्रदेश भर के जिलों से आए शिक्षक संघ पदाधिकारियों, स्कूली छात्र छात्राओं , शिक्षकों ग्रामीणों व गण मान्य नागरिकों ने रामप्रताप मीणा के द्वारा किए गए शैक्षिक व सामाजिक योगदान की सराहना करते हुये उनका रोरी तिलक , साफा बांधकर एंव प्रतीक चिन्ह भेंट कर अभिनन्दन किया गया इस दौरान प्रदेश सभाध्यक्ष राम प्रताप मीणा ने कहा कि उन्होंने अपने पूरे सेवाकाल में समाज में शिक्षा का प्रचार प्रसार करने के साथ ही सदैव शिक्षक हितों की पैरवी कर उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु संघर्ष किया है। पूर्व प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा ने कहा कि रामप्रताप मीणा ने ब्लॉक अध्यक्ष,बूंदी जिलाध्यक्ष से लेकर प्रदेश सभाध्यक्ष जैसे शीर्ष पद पर रह कर ज़मीनी स्तर पर संगठन को मज़बूत करने का कार्य किया है। समारोह में धौलपुर जिले की ओर से संगठन के पूर्व प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा एवं जिला अध्यक्ष हरी सिंह गुर्जर के नेतृत्व में माल्यार्पण साल उड़ा कर एवं अभिनंदन पत्र भेंटकर रामप्रताप मीणा का सम्मान किया गया।समारोह में संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मूलचंद गुर्जर ,पूर्व प्रदेश महामंत्री विजय कुमार शर्मासहित अन्य वक्ताओं ने राम प्रताप मीणा द्वारा छात्रों एवं शिक्षकों के हित में किए गए कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

**समारोह में ये प्रमुख अतिथि रहे मौजूद**

अभिनंदन समारोह में आदिवासी विश्वविद्यालय कोटा के चेयरपर्सन आर डी मीना, पूर्व जिला प्रमुख कोटा कमल मीणा, बूंदी के पूर्व जिला प्रमुख महावीर मीणा,सेवानिवृत्ति आर ए एस अधिकारी बंसीलाल, पूर्व सरपंच प्रभु लाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र कुमार, शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन व्यास, सत्येंद्र यादव, प्रवक्ता नारायण सिंह सतीश जैन, दशरथ सिंह सोलंकी, सीताराम शर्मा, सुखलाल मीना, कृपा शंकर दीक्षित, गोपाल मीणा महामंत्री ,घनश्याम मीणा,सुरेश मीणा, हीरालाल गोचर, शंकरलाल रायका ,सत्यनारायण मीणा ,सतीश गौतम ,प्रकाश मीणा सहित बड़ी संख्या में शिक्षा विभाग से जुड़े शिक्षक शिक्षिका, विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक दलों के पदाधिकारी तमाम जन प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### धौलपुर-करौली सांसद जाटव ने आमजन की समस्याएं सुनीं

## सर्किट हाउस में की जनसुनवाई अधिकारियों को दिए समाधान के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** करौली लोकसभा क्षेत्र के सांसद भजनलाल जाटव शुक्रवार को धौलपुर सर्किट हाउस पहुंचे। उन्होंने यहां जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। सांसद ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को फोन पर आवश्यक निर्देश दिए। जनता द्वारा रखी गई मुख्य समस्याओं में बिजली कटौती, पेयजल संकट, सडक़ मरम्मत, पेंशन में देरी, राजस्व संबंधी मामले और सरकारी योजनाओं से जुड़ी शिकायतें शामिल थीं। सांसद जाटव



ने सभी मामलों को प्राथमिकता देते हुए तुरंत संबंधित विभागों से संवाद स्थापित किया। उन्होंने अधिकारियों को समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त न करने के स्पष्ट निर्देश दिए। इस अवसर पर सांसद जाटव ने कहा- जनता की सेवा करना मेरा प्रथम कर्तव्य है। मैं हर उस व्यक्ति तक पहुंचने का प्रयास कर रहा हूं, जो किसी न किसी कारण से सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। मेरी अपेक्षा है कि अधिकारी समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहें। बाड़ी से कांग्रेस कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष साकेत बिहारी शर्मा अमित मुद्गल ,रामेंद्र मीणा, रोशनी शिवहरे, केशव मीणा ,महादेवा मीणा, नईम खान, अनिल अरेला आदि गड़मान्य नागरिक मौजूद रहे ।

## केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव पांडे ग्राम उषाण में जनजाति समुदाय से हुए रूबरू

### धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान पर भी हुई चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद( सुरेश बागोरा)।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत प.स. देलवाडा के ग्राम पंचायत घोडच के गाँव उषाण में आदि सेवा केंद्र उषाण का निरीक्षण भारत सरकार के जनजातीय मंत्रालय के संयुक्त सचिव श्री अनंत जी पांडे, संयुक्त निदेशक कृषि श्री अनुराग भटनागर एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री बृजमोहन जी बैरवा द्वारा किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ साफा पहनाकर और थाली मांदल वादन के साथ सम्मानित करके किया गया। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुमन अजमेरा ने आदि सेवा केंद्र से संबंधित समस्त जानकारी ग्रामीणों को प्रदान की।



इसके पश्चात संयुक्त सचिव श्री अनंत पांडे ने ग्रामवासियों के साथ उषाण गाँव के विलेज विजन प्लान पर चर्चा की और उनके सुझाव व समस्याओं को प्लान में शामिल करने के निर्देश दिए।मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री बृजमोहन जी बैरवा ने ग्राम विकास अधिकारी को ग्रामसभा में अनुमोदन कर योजना प्रेषित करने के आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। कार्यक्रम का समापन बालिका जन्मोत्सव के अवसर पर केक काटकर मनाने के साथ हुआ।कार्यक्रम में विकास अधिकारी नवीन गौड़, अतिरिक्त विकास अधिकारी गजराज मेनारिया, प.स. देलवाडा प्रधान श्रीमती कसनी गमेती, प्रशासक देवी लाल जी, ग्राम विकास अधिकारी रघुवीर सिंह, आदि साथी, सहयोगी, कमर्योगी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## नाथद्वारा के लालबाग क्षेत्र में अंडरपास निर्माण कार्य पर विवाद

## क्षेत्रवासियों ने जताई आपत्ति, केंद्रीय मंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद( सुरेश बागोरा)।** लालबाग क्षेत्र में चल रहे अंडरपास निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय निवासियों ने गंभीर आपत्ति जताते हुए शुक्रवार को एसडीएम को केंद्रीय सडक़ परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के नाम ज्ञापन सौंपा। क्षेत्रवासियों ने ठेकेदार की मनमानी और अधूरे कार्य को रोकने की मांग की। निवर्तमान पार्षद पूरण श्रीमाली ने बताया कि हाईवे निर्माण कार्य में दोनों ओर अंडरपास बनाए जाने का वादा था, लेकिन वर्तमान में केवल एक अंडरपास बनाकर काम रोक दिया गया है। इसके अलावा बीच में बिना योजना के डिवाइडर भी तैयार किए जा रहे हैं, जिससे यह क्षेत्र दुर्घटना संभावित जोन में बदलता जा रहा है। स्थानीय लोगों ने पुराने नक्शे के अनुसार काम पूरा करने की मांग की है। उनका कहना है कि मौजूदा व्यवस्था से लालबाग क्षेत्र एक संभावित दुर्घटना जोन में बदल रहा है। चेतावनी दी गई कि यदि जल्द सुधार नहीं किया गया तो जनांदोलन किया जाएगा।

## राजसमंद अंडर-19 छात्र रग्बी टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंची

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद( सुरेश बागोरा)।** शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय 17/19 वर्ष छात्र-छात्रा रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता में राजसमंद की अंडर-19 छात्र वर्ग टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। सवाई मान सिंह स्टेडियम के फुटबॉल मैदान पर खेले गए प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में राजसमंद ने बाड़मेर को रोमांचक संघर्ष में 7-5 से हराया। टीम की ओर से सूरज सिंह ने निर्णायक ट्राई करते हुए जीत सुनिश्चित की।कोच चैन सिंह रावत, गोपाल सिंह शेखावत, गिरधारी सिंह व जितेंद्र सिंह ने बताया कि खिलाडियों ने उम्दा तालमेल और दमखम के बल पर बाड़मेर को मात दी।उल्लेखनीय है



कि इससे पहले 17 वर्ष छात्रा वर्ग की टीम भी क्वार्टर फाइनल तक पहुँची थी।राजसमंद टीम की इस उपलब्धि पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम गोड़, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक बिहारी लाल, शिव कुमार व्यास, उप जिला शिक्षा अधिकारी (शारीरिक शिक्षा) बाल मुकुंद वैष्णव, अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी चन्द्र प्रकाश त्रिवेदी, अजय सोनी, पंकज कोठारी, डॉ. ललित दाधीच, दीन दयाल त्रिवेदी, मनोज त्रिवेदी सहित हेम सिंह, जय सिंह चुण्डावत, मनोज भारद्वाज, अजय नरानिया, अनिल जिनगर, कुलदीप जोशी, राजेंद्र सुथार, अभिषेक जोशी, अरविन्द वैष्णव, अभिषेक मनिहार, विनीत वेद और मीठा लाल ने खुशी जताते हुए टीम को आगामी मैचों के लिए शुभकामनाएं दीं।

### स्वैच्छिक रक्तदान शिविर 101 ने रक्तदान किया

# अजमेर-मस्जिद मुए-मुबारक में रक्तदान शिविर सभी धर्मों के लोगों ने लिया बढ़-चढक़र हिस्सा

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (मोहम्मद नज़ीर क़ादरी)** ।1500 वे ईद मिलादुन्नबी के पावन अवसर पर मस्जिद मुए-मुबारक, कचहरी, अजमेर में शुक्रवार सुबह 10 बजे स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सभी धर्मों और समुदायों के लोगों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया, जिसमें मुस्लिम युवतियों और महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। इस आयोजन ने न केवल स्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया, बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश भी प्रसारित किया। शिविर के



संयोजक ख्वाजा सैयद गयासुद्दीन चिश्ती और मोहम्मद नज़ीर क़ादरी ने बताया कि यह रक्तदान शिविर गरीब नवाज़ वेलफेयर सोसाइटी, अजमेर और मस्जिद मुए-मुबारक की संयुक्त पहल थी। उन्होंने कहा, इस शिविर का उद्देश्य मानवता की सेवा के साथ-साथ समाज में एकता और समरसता को बढ़ावा देना है। रक्तदान जैसे पुनीत कार्य के माध्यम से हम सभी धर्मों और समुदायों को एक मंच पर लाने में सफल रहे। शिविर में सरदार भजन सिंह, मोनिस लखन, रविंद्र कुमार खाट सहित विभिन्न धर्मों के लोगों ने रक्तदान कर इस आयोजन को और अधिक सार्थक बनाया। रक्तदान दाता मुस्लिम समाज की सैयदा हानियां मोईनी और इसरत परवीन ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह रक्तदान शिविर सामाजिक जिम्मेदारी और मानवता की सेवा का एक अनुकरणीय उदाहरण है। उन्होंने बताया कि जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय के ब्लड बैंक विभाग की टीम ने इस शिविर में सक्रिय रूप से सहयोग किया और रक्त संग्रह की प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न किया।

यह रक्तदान शिविर न केवल जरूरतमंदों के लिए रक्त उपलब्ध कराने में सहायक होगा, बल्कि समाज में एकता और सहयोग की भावना को भी मजबूत करेगा। इस आयोजन में शामिल सभी लोगों ने इसे एक सामुदायिक उत्सव के रूप में देखा, जिसमें विभिन्न धर्मों और समुदायों के लोग एक साथ आए। इस तरह के आयोजन सामाजिक सद्भाव और मानवता की सेवा के लिए प्रेरणा का स्रोत बनते हैं

## पूर्व विधायक की कपासन क्षेत्र के भाजपाइयों ने जानी कुशलक्षेम



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** सडक़ दुर्घटना में घायल पूर्व विधायक एवं उदयपुर शहर जिला के प्रभारी बंशीलाल खटीक से कपासन क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को मिलकर कुशलक्षेम जानी। इस दौरान भाजपा एस सी मोर्चा के जिला संयोजक भागीरथ चंदेल,ग्राम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ नगर पालिका पार्षद नंदकिशोर टेलर, भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष शंभूलाल बागड़ा ने अनंता चिकित्सालय में स्वास्थ्य लाभ ले रहे पूर्व विधायक बंशीलाल खटीक एवं उनकी धर्मपत्नी सीता देवी से मिलकर कुशलक्षेम जानी तथा उत्तम स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

## कांग्रेस के 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान का कपासन में आज होगा आगाज

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत शनिवार 4 अक्टूबर 2025 प्रातः 10 बजे कपासन क्षेत्र में हस्ताक्षर कार्यक्रम का नगर में स्थित नंदवाना समाज के सामुदायिक भवन में आयोजन जायेगा।साथ ही देशभर में लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में संचालित हो रहे उक्त वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के अंतर्गत कपासन विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। यहां आज शान को आयोजित होने वाली बैठक एवं हस्ताक्षर अभियान में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त कपासन विधानसभा प्रभारी आशीष पद्मावत तथा जिला कांग्रेस चितौडग़ढ़ अध्यक्ष भैरूलाल चौधरी,प्रदेश कांग्रेस सचिव ललित बोरीवाल आदि कांग्रेस पदाधिकारीगण उपस्थित रहेंगे।

इधर उक्त वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान को लेकर नगर कांग्रेस कमेटी कपासन के अध्यक्ष पवन शर्मा ने बताया कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए इस अभियान में भाग लेकर हस्ताक्षर करना अनिवार्य है।

## जीतराम सिंह को बेस्ट कांस्टेबल अवार्ड से किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान



**चौमहला(आबिद हुसैन)।** झालावाड़ जिले में पुलिस विभाग की ओर से उत्कृष्ट सेवाओं के लिए गंगधार थाने मै कार्यरत कांस्टेबल जीतराम सिंह को बेस्ट कांस्टेबल अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा प्रदान किया गया।जीतराम सिंह को यह पुरस्कार उनके उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य, कर्तव्यनिष्ठा और कानून व्यवस्था बनाए रखने में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया। उन्होंने न केवल पुलिस विभाग की गरिमा को बढ़ाया, बल्कि आम जनता में सुरक्षा और विश्वास की भावना भी मजबूत की।इस सम्मान से पूरे विभाग में उत्साह का माहौल है और यह पुरस्कार पुलिसकर्मियों को अपने कार्य में और भी अधिक निष्ठा व ईमानदारी से काम करने के लिए प्रेरित करेगा।

## राष्ट्र सेविका के शक्ति संगम पथ संचलन का भव्य स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** भीलवाड़ा नगर में राष्ट्र सेविका समिति के शक्ति संगम पथ संचलन का भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी के निर्देशन में अजमेरा इलेक्ट्रिकल्स मिनी मॉल के सामने प्रताप टॉकीज रोड पर भव्य स्वागत और अभिनंदन किया गया। पथ संचलन पर जोरदार पुष्प वर्षा की गई और कार्यकर्ताओं ने फूल नहीं यह चिंगारी है, यह भारत की नारी है, और राणा की जय जय, शिवा की जय जय, भारत माता की जय, वन्देमातरम्, जय श्री राम के जय घोष के साथ वातावरण को गुंजायमान करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।उपस्थित कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर राष्ट्र सेविका समिति की महिलाओं के जज्बे को सराहा और देश व समाज के प्रति उनके समर्पण की प्रशंसा की और संचलन का स्वागत किया। स्वागतकर्त्ताओं में भाजपा नेता कन्हैया लाल स्वर्णकार, पूर्व सभापति विनोद अग्रवाल, राधेश्याम सोमानी, रामगोपाल अग्रवाल, आनंद चपलोत, गिरिराज अजमेरा, छीतरमल गैंगट, चेतन मानसिंहका, अनिल जोशी, गोपाल विजयवर्गीय, बाबूलाल टाक, कैलाश जीनगर, गजेंद्र सिंह राठौड, संजय राठी, सत्यनारायण गूगड, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## स्कूल संचालक के साथ अभद्र व्यवहार व मारपीट के विरोध में शिक्षा परिवार ने डीजीपी को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (आबिद हुसैन)।** झालावाड़ जिले के डग ब्लॉक के स्कूल शिक्षा परिवार के सदस्यों ने डीजीपी जयपुर को उपखंड अधिकारी द्वारा एक ज्ञापन दिया जिसमें भरतपुर जिले के खेरली मोड थानाधिकारी द्वारा निजी स्कूल संचालक के साथ अभद्र व्यवहार, मारपीट ,एफआईआर कर थाने में बंद करने के विरोध में ज्ञापन देकर संबंधित एसएचओ के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। कोटा संभाग प्रवक्ता इमरान खान ने बताया कि गत दिनों भरतपुर जिले के खेरली मोड थानाधिकारी ने टीसी नहीं देने के मामले में स्कूल संचालक को गिरफ्तार कर उसके साथ मारपीट अभद्र व्यवहार किया, कानूनन स्कूलों के मामले में पुलिस हस्तक्षेप नहीं कर सकती फिर भी एक निजी स्कूल संचालक को झूठे आरोप में फंसाने की धमकी दी ,जिसके विरोध में ज्ञापन दिया गया ज्ञापन देते समय डग ब्लॉक के संजय शर्मा , सुरेश सिंह , दीपक डपकरा ,सज्जन सिंह ,भारत सिंह, अर्जुन सिंह ,शरद दुबे, नय्यर वारसी, ओम प्रकाश नागर , राघवेंद्र सिंह चौहान , राहुल , मनीष सोनी , आदि स्कूल संचालक मोजूद रहे।

### भाजपा जिले में 90 दिन तक चलाएगी आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत स्वदेशी उत्पाद व जीवन मूल्यों को अपनाने पर रहेगा जोर : सांसद अग्रवाल

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं आत्मनिर्भर भारत अभियान के प्रदेश संयोजक सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए देश का आत्मनिर्भर बनना जरूरी है। इसके लिए 140 करोड़ भारतीयों को स्वदेशी अपनाने का संकल्प लेना होगा। यह देश को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। भारत की आत्मनिर्भरता की झलक कोरोनाकाल में स्वदेशी वैक्सीन और ऑपरेशन सिंदूर के तहत दुश्मनों को नेस्तनाबूद करने वाले स्वदेशी हथियारों के रूप में पूरी दुनिया देख चुकी है। सांसद अग्रवाल भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा की विशिष्ट उपस्थिति में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे।




**25 सितंबर से 25 दिसंबर तक चलेगा अभियान:** उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान 25 सितम्बर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती से 25 दिसम्बर भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती तक चलेगा। अभियान की सफलता के लिए केंद्र और प्रदेश से लेकर जिला व मंडल स्तर तक टोलियों का गठन किया गया है।

**आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत होंगे यह आयोजन:** सांसद अग्रवाल ने कहा कि अभियान में विभिन्न सरकारी विभागों, स्थानीय निकायों, उद्योग एवं व्यापार संगठनों, व्यावसायिक एवं सामाजिक संगठनों, धार्मिक एवं सांस्कृतिक नेताओं, युवा एवं महिला संगठनों, सेलिब्रिटी एवं इन्फ्लूएंसर्स को शामिल किया जाएगा। इसके अलावा आत्मनिर्भर भारत संकल्प सम्मेलनों का आयोजन भी जिला एवं मंडल स्तर पर किया जाएगा।


**केंद्र से आएगा आत्मनिर्भर भारत संकल्प यात्रा रथ, गांव गांव करेगा प्रचार:** उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर आत्मनिर्भर भारत संकल्प रथ यात्रा जैसे कार्यक्रम भी प्रस्तावित है। जिसके तहत केंद्र द्वारा तैयार रथ जिले में आएगा जो प्रत्येक विधानसभा में गांव गांव जाकर आत्मनिर्भर भारत का प्रचार प्रसार करेगा और लोगों को स्वदेशी अपनाने लिए प्रोत्साहित करेगा।

**त्यौंहारों के दौरान स्वदेशी उत्पादों की खरीद एवं उपयोग की करेंगे अपील:** उन्होंने कहा कि त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए आयोजनों में स्वदेशी उत्पादों के उपयोग के साथ 'आत्मनिर्भर भारत संकल्प संदेश' का प्रचार प्रसार भी किया जाएगा। लोगों को स्वदेशी उत्पाद खरीदने और दुकानदारों को स्वदेशी उत्पाद बेचने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। विदेशी लाइटिंग उत्पादों के स्थान पर दीयों के उपयोग को बढ़ावा देने के प्रयास किए जाएंगे।

**प्रेस वार्ता के दौरान ये रहे उपस्थित:** प्रेस वार्ता के दौरान आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के जिला संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष विशाल गुरुजी, जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया, मनोज बुलानी, शशांक बिड़ला, अभिश्रुता सोलंकी, अभियान सहसंयोजक तेजप्रताप सिंह बरड़ौद भी उपस्थित रहे।

## सुखाड़िया स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 10 मीटर शूटिंग रेंज का हुआ भव्य उद्घाटन

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** सुखाडिया स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, चित्तौड़ रोड, भीलवाड़ा में शुक्रवार को आधुनिक 10 मीटर शूटिंग रेंज का भव्य उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर सांसद दामोदर अग्रवाल, जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह, नगर विकास न्यास सचिव ललित गोयल, नगर महापौर राकेश पाठक, जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा, जिला खेल अधिकारी हेमेंद्र सिंह राणावत, अधीक्षण अभियंता राजू बडारिया, विश्वबंधु सिंह राठौड़ सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी और खेल प्रेमी मौजूद रहे।

यह अत्याधुनिक रेंज भीलवाड़ा के खेल परिदृश्य में मील का पत्थर साबित होगी। यहाँ खिलाडियों के लिए 2 इलेक्ट्रॉनिक स्ढ्स् टारगेट और 14 मैनुअल टारगेट पुली मशीन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके चलते निशानेबाज अब राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारी यहीं पर कर सकेंगे। भीलवाड़ा के निशानेबाज पहले से ही राज्य और देश स्तर पर अपनी पहचान बना चुके हैं।

## आत्मनिर्भर भारत अभियान विकसित भारत 2047 की संकल्पना में साबित होगा मील का पत्थर

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़ (संजय खाबिया)।** स्वदेशी केवल मिट्टी का दिया नहीं है, बल्कि ब्रह्मोस मिसाइल, विक्रांत युद्धपोत, लड़ाकू विमान, मंगलयान और चंद्रयान जैसी अत्याधुनिक तकनीकें भी स्वदेशी का हिस्सा हैं। आजादी से पूर्व भारत आत्मनिर्भर था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहा आत्मनिर्भर भारत अभियान अब देश के 140 करोड़ नागरिकों का साझा संकल्प बन चुका है। उक्त विचार सांसद सी.पी. जोशी ने यहां पत्रकार वार्ता में व्यक्त किए।



सांसद जोशी ने कहा कि आज़ादी से पूर्व भारत कृषि, तकनीक और व्यापार में आत्मनिर्भर था और इसे सोने की चिडिया कहा जाता था। उन्होंने कहा कि विदेशी आक्रमणों और अंग्रेजों की लूट ने देश की अर्थव्यवस्था को कमजोर किया। अंग्रेजों ने 45 ट्रिलियन डॉलर मूल्य का सोना-चाँदी लूटा। स्वतंत्रता के बाद देश को सोना गिरवी रखकर अनाज आयात करना पड़ा। सांसद ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने नई ऊँचाइयाँ छुई हैं। इस माह युवा सम्मेलन, महिला सम्मेलन, उद्यमी सम्मेलन और छोटे व्यापारियों व रेहड़ी-पटरी वालों के सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। सांसद ने मीडिया बन्धुओं से भी सहयोग की अपील की और कहा कि विकसित भारत बनाने में पत्रकारिता की भूमिका भी अहम है।

## नैनवां में 69वी राज्यस्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का फाइनल मैंच आज



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,(टी.आर सैनी)।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नैनवां में आयोजित 69वीं राज्य स्तरीय बालिका खो-खो प्रतियोगिता में शुक्रवार सांयकाल सेमीफाइनल मैच खेला गया। प्रतियोगिता संयोजक प्रकाशचंद धाकड़ और प्रतियोगिता मीडिया प्रभारी पंकज जैन व देवकीनंदन शर्मा,कंट्रोल रूम प्रभारी गुरुदत्त शर्मा ने बताया कि 17 वर्षीय आयु वर्ग में पहला सेमीफाइनल हनुमानगढ़ वर्सेज बीकानेर के बीच कड़ी टक्कर के बीच खेला गया,जिसमें हनुमानगढ़ ने बीकानेर की टीम को 9-6 के अंतराल मे 3 अंक से हराकर प्रतियोगिता के फाइनल राउंड में प्रवेश कर लिया है।दूसरा सेमीफाइनल चूरू वर्सेज सीकर का शनिवार सुबह 8 बजे खेला जाएगा। वहीं 19 वर्षीय आयु वर्ग में पहला सेमीफाइनल मुकाबला जयपुर वर्सेज सीकर के बीच हुआ,जिसमें जयपुर की टीम ने 17-13 के अंतराल मे 4 अंक से मैच जीतकर फाइनल में जगह बना ली।दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला बीकानेर वर्सेज हनुमानगढ़ का शनिवार सुबह 8 बजे खेला जाएगा। दोनों वर्गों मे तीसरे व चैथे स्थान के लिए भी शनिवार सुबह मैच खेले जाएंगे।

## कलेक्ट्रेट-रेलवे स्टेशन पर बम की सूचना के बाद हडक़ंप

### चित्तौडगढ़ में कलेक्ट्रेट और रेलवे स्टेशन के आसपास मॉकड्रिल

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़ (संजय खाबिया)।** किसी भी आकस्मिक आपदा या आपात स्थिति से निपटने की तैयारी को परखने की दृष्टि से जिला मुख्यालय के प्रमुख स्थलों सहित संवेदनशील क्षेत्रों में आज अचानक की गई। मॉक ड्रिल से कुछ देर के लिए अचानक अफरा तफरी के बीच लोग असमंजस में पड़ गए। बहर हाल सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद करने के लिए अभ्यास से जहां प्रशासनिक अमले को व्यावहारिक प्रशिक्षण मिला, वहीं आमजन ने भी राहत और बचाव कार्यों की झलक देखी। जिले में शुक्रवार को नेशनल सिक्योरिटी गार्ड की और से विभिन्न स्थानों पर जिला प्रशासन के सहयोग से मॉक ड्रिल आयोजित की गई। शहर में रेलवे स्टेशन, कलेक्ट्रेट परिसर, सैनिक स्कूल समेत भीड़ भाड़ वाले और संवेदनशील क्षेत्रों में इस अभ्यास को अंजाम दिया गया। इस मॉक ड्रिल से विभिन्न स्थानों पर पुलिस की सक्रियता दिखी, लोग भी असमंजस में दिखे कि वास्तव में कुछ हुआ हो।



चित्तौडग़ढ़ पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने बताया कि मॉक ड्रिल का उद्देश्य किसी भी आकस्मिक आपदा, आतंकी हमले या आपात स्थिति से निपटने की तैयारी को परखना था। इस दौरान पुलिस, सिविल डिफेंस, चिकित्सा विभाग, नगर परिषद व अन्य संबंधित विभागों के कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

मौके पर एनएसजी के प्रशिक्षित जवानों ने आपदा से निपटने की बारीकियों से सभी को अवगत कराया। यह मॉक ड्रिल दो दिनों तक जिले के अलग-अलग स्थानों पर जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि ऐसे अभ्यास से प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों को आपसी तालमेल और तत्काल प्रतिक्रिया देने में मदद मिलती है। मॉक ड्रिल के दौरान चिकित्सा विभाग की एम्बुलेंस और नगर परिषद की दमकल समय से देर से मौके पर पहुंची।

इस पर अधिकारियों ने गंभीरता दिखाई और संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि किसी भी वास्तविक स्थिति में विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एनएसजी के इस अभ्यास से जहां प्रशासनिक अमले को व्यावहारिक प्रशिक्षण मिला, वहीं आमजन ने भी राहत और बचाव कार्यों की झलक देखी।

जिले में यह ड्रिल सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने की दिशा में अहम मानी जा रही है। इस अवसर पर एनएसजी के अधिकारियों के अलावा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह, पुलिस उप अधीक्षक विनय चौधरी सहित पुलिस के कई अधिकारी मौजूद रहे। भीड़ भाड़ के क्षेत्रों में एनएसजी की इस हलचल से लोग असमंजस में पड़ गए।

### सूरत के अमरोली, सायण रोड स्थित सुन्दरवन पार्टी प्लॉट में प्रवासी राजस्थान राजपूत समाज के बीच बोले विधायक आक्या

# बुराई को त्यागकर सत्य, न्याय और धर्म के रास्ते पर चलने का लेना होगा प्रण

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़ (संजय खाबिया)।** दशहरा शौर्य व शक्ति का पर्व है, इस दिन भगवान श्री राम ने रावण रूपी बुराई का अंत कर अधर्म पर धर्म की विजय प्राप्त की थी।

यह पर्व हमें संदेश देता है कि बुराई कितनी भी शक्तिशाली क्यों न हो अंत में जीत हमेंशा सत्य, न्याय और धर्म की ही होती है। हमें भी अपने अंदर की बुराई को त्यागकर सत्य, न्याय और धर्म के रास्ते पर चलने का प्रण लेना होगा। चित्तौडग़ढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या राजस्थान क्षत्रिय (राजपूत) समाज, सूरत द्वारा आयोजित विजयादशमी महोत्सव के तहत सूरत के अमरोली, सायण रोड स्थित सुन्दरवन पार्टी प्लॉट में बड़ी संख्या में उपस्थित प्रवासी राजस्थान राजपूत समाज के लोगो को संबोधित कर रहे थे। उन्होने अपने सम्बोधन में प्रवासी राजस्थानी राजपूत समाज के लोगो की सराहना करते हुए कहा की उन्होने मेवाड़ व मारवाड़ क्षैत्र से गुजरात में आकर अपनी लगन, मेहनत व बेहतर कार्यशेली से अपना प्रभुत्व स्थापित किया व समाज का नाम रोशन किया। उन्होने कहा की शस्त्र पुजा रस्म राष्ट्र के प्रति राजपूतो की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। राजस्थान क्षत्रिय समाज, सूरत के नव निर्वाचित अध्यक्ष सुमेरसिंह शेखावत सीकर ने बताया की राजस्थान क्षत्रिय समाज, सूरत द्वारा प्रति वर्ष विजयादशमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस क्रम में इस बार भी विजयादशमी के पर्व पर गुरूवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समताराम महाराज ने अपनी अमृतवाणी से उपस्थित लोगो को लाभान्वित किया।




विशिष्ट अतिथि के रूप में सूरत पुलिस कमिश्नर अनुपम सिंह गहलोत व राजस्थान युवा संघ अध्यक्ष विक्रम सिंह शेखावत ने विचार व्यक्त किये। अतिथियो द्वारा दीप प्रज्ज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का आरम्भ किया गया तत्पश्चात विधि विधान के साथ शस्त्र-पूजन की रस्म पूरी की गई। कार्यक्रम में नव गठित कार्यकारिणी को भी शपथ दिलाई गई। नव गठित कार्यकारिणी में सुमेरसिंह शेखावत सीकर को अध्यक्ष, शैतानसिंह देवरिया व मंगलसिंह चम्पावत अमरवेली को उपाध्यक्ष, देवेन्द्र सिंह बाकोलिया को सचिव, महेन्द्र सिंह झालरिया को खेल मंत्री, पिंटुसिंह ताल को युवा शाखा अध्यक्ष, देवेन्द्र सिंह राजपुरा व केसरसिंह दाखा को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी प्रदान की गइ्र्र।

इस अवसर पर भंवरसिंह खरड़ी बावड़ी, कालुसिंह केलजर, विक्रम सिंह भाटी उदलीवास, भंवरसिंह चुण्डावत खुमाण खेड़ा, प्रेमसिंह राठौड़ रेवाड़ा, मदनसिंह उदावत, भगवतसिंह चुण्डावत लसाणी, मंगलसिंह चम्पावत अमर हवेली, पूर्व सचिव शेतानसिंह चुण्डावत देवरिया, नरपतसिंह चुण्डावत माताजी का गांव, महेन्द्र सिंह सोलंकी मगरतलाब, भवानीसिंह चुण्डावत देवरिया, इन्दरसिंह चौहान ओबराखुर्द, सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## प्रिंस टाक ने दिखाई ईमानदारी, रास्ते में मिला आईफ़ोन लौटाया

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** रात्रि दुर्गा पेराडाइज, कंकाली माता रोड के पास प्रिंस टाक एवं विष्णु कुमावत नामक युवको को रास्ते में 1,29,000 रूपए मूल्य का आईफ़ोन मोबाईल मिला। मोबाईल मिलने के बाद उन्होंने ईमानदारी का परिचय देते हुए उसे उसके असली मालिक को लौटा दिया। इसके लिए इन्होंने सोशल मीडिया में मैसेज फैलाकर उसके असली मालिक तक पहुंचाने में मदद की। मालिक का नाम कोमल यादव है, जो शास्त्री नगर, टोक निवासी हैं। मोबाईल सुरक्षित रूप से लौटाने पर कोमल यादव ने प्रिंस टाक के इस नेक कार्य के लिए धन्यवाद व्यक्त किया और कहा कि ऐसे उदाहरण समाज में दूसरों के लिए प्रेरणा हैं।

## अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन कल

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** नगरपालिका मंडल निवाई के तत्वावधान में दशहरा महोत्सव को लेकर प्रताप स्टेडियम में 6 अक्टूबर तक रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी व अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट ने बताया कि नगरपालिका द्वारा प्रताप स्टेडियम में दर्शकों की सुविधाओं को लेकर हाईमास्क लाईटों से डेकोरेशन किया गया है। जिससे स्टेडियम जगमगा रहा है। शनिवार को सुप्रसिद्ध राष्ट्रीय भजन सम्राट छोटूसिंह रावणा द्वारा वीरों की गाथा एवं देशभक्ति भजनों का आयोजन होगा। पार्षद नितिन छाबडा ने बताया कि 5 अक्टूबर को प्रताप स्टेडियम में शाम साढे 7 बजे से अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। जिसमे अंतर्राष्ट्रीय हास्य व्यंग्यकार कवि अरूण जैमिनी, अंतर्राष्ट्रीय हास्य व्यंग्यकार कवि डॉ. मनजीत सिंह, अंतर्राष्ट्रीय हास्य कवि पवन अगारी, अंतर्राष्ट्रीय राजस्थानी हास्य कवि हरीश हिन्दस्तानी, अंतर्राष्ट्रीय हास्य कवि दिनेश देशी घी, राष्ट्रीय कवि व संचलक राजेन्द्र पंवार हाडोती कोटा, अंतर्राष्ट्रीय कवि अमित शर्मा, अंतर्राष्ट्रीय कवयित्री यूथ आईकन गौरी मिश्रा, राजस्थानी हिन्दी गीतकारा कवयित्री दीपा सैनी जयपुर, राष्ट्रीय ओज कवि महेश डांगरा एवं श्रंगार रस कवि कन्हैया शर्मा द्वारा श्रंगार व देशभक्ति सहित कई हास्यप्रद कविताएं प्रस्तुत की जाएगी। 6 अक्टूबर को प्रताप स्टेडियम में मानसिंह, गौरासिंह के सानिध्य में बॉलीवुड म्यूजिकल नाइट कार्यक्रम का आयोजन होगा एवं पन्या सेपट व योगेश रजवाड़ा, बॉलीवुड डांस ग्रुप, पिहू जैन एंड डांस ग्रुप द्वारा कई सांस्कृतिक व राजस्थानी कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी जाएगी। इसी प्रकार बॉलीवुड प्लेबैक द्वारा नए-पुराने नगमों की बहार के साथ हंसी की फुहार करेंगे।

## वनस्थली से डिग्गी कल्याण धाम के लिए पदयात्रा आज

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** वनस्थली के पुलिया वाले बालाजी के मंदिर से डिग्गी कल्याणधाम के लिए 26 वी पदयात्रा शनिवार को सुबह 7 बजे रवाना होगी। यात्रा समिति के महामंत्री मुकेश शर्मा ने बताया की डिग्गी कल्याण जी की पद यात्रा शनिवार को गाजे बाजे के साथ पुलिया वाले बालाजी के मंदिर से रवाना होगी। पद यात्रा सोमवार को प्रातः 8 बजे डिग्गी पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि यात्रा का रात्रि विश्राम व भोजन का कार्यक्रम भी रखा गया है।

## तीन घंटे विद्युत आपूर्ति रहेगी बंद

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** शनिवार को 11 केवी सिद्धार्थ व अहिंसा सर्किल फीडर का मरम्मत कार्य किया जाएगा। जिसके चलते विद्युत आपूर्ति 3 घंटे बंद रहेगी। कनिष्ठ अभियंता लक्की गोठवाल ने बताया कि फीडर का मरम्मत कार्य को लेकर सुबह 7:30 से 10:30 बजे तक एसडीम ऑफिस के आस-पास के क्षेत्र सहित झिलाय रोड, ढाणी जुगलपुरा, ट्रक यूनियन, बड़ की ढाणी, जगदंबा कॉलोनी, जिरात रोड, भगतसिंह कॉलोनी, सिंधी कॉलोनी, अहिंसा सर्किल, घाटीयो का मौहल्ला एवं श्रीराम कॉलोनी के आस-पास सहित आस-पास के क्षेत्र में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

## श्री डिग्गी कल्याण महाराज की 48 वी पैदल परिक्रमा चंदलाई गांव से रवाना हुई



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** चंदलाई ग्राम से चार धाम पदयात्रा 108 घंटे अखण्ड रामधुनी के साथ एकादशी पर डिग्गी कल्याण के लिए रवाना हुई । मोहित टेलर ने बताया कि श्री कल्याण कोष समिति द्वारा आयोजित 48 वी पदयात्रा कल्याण मंदिर से ध्वजा शोभायात्रा के साथ रवाना हुई। इस अवसर पर सयोजक गौरीशंकर, राधेश्याम खंडेलवाल ने बताया पाँच दिवसीय यात्रा मुख्य मंदिरों से होकर डिग्गी कल्याण जी महाराज के शरद पूर्णिमा पर सम्पूर्ण होगी ! यात्रा में समस्त ग्राम वासियों सहित कार्यकर्ताओ में केदार गुप्ता , गोपाल , पंकज , रोहित , राहुल एवं अभिषेक आदि मौजूद रहे।

### एजीटीएफ और झुंझुनूं पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

# ट्रक के गुप्त तहखाने में छिपा रखा था 5 करोड़ का गांजा, दो अरेस्ट

बढ़ता राजस्थान

**झुंझुनूं।** मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स का मिशन नशा मुक्त राजस्थान तेजी से रंग ला रहा है। एजीटीएफ ने शुक्रवार को जिले की पुलिस के साथ मिलकर एक कंटेनर ट्रक से 5 करोड़ रुपए का 1014 किलो अवैध गांजा जब्त किया। इस पूरे ऑपरेशन का मास्टरमाइंड गोकुल उर्फ सुलतान मिर्जा बताया जा रहा है, जो अभी फरार है।

जांच में सामने आया कि गोकुल, बॉलीवुड फिल्म वन्स अपॉन ए टाइम इन मुंबई से प्रेरित होकर तस्करी की दुनिया में उतरा। मिर्जा की तरह ही गोकुल खुद को शेखावाटी का सुलतान कहता था और उसी तर्ज पर तस्करी के तौर-तरीके अपनाता था। गोकुल के पिता सीकर एसीबी में बाबू हैं। जब-जब



स्थानीय पुलिस गोकुल तक पहुंचने की कोशिश करती, उसके पिता पुलिसकर्मियों को ट्रैप में फंसाने की धमकी देकर दबाव बनाते थे। यही कारण रहा कि गोकुल पिछले दो वर्षों से तस्करी में लिप्त होने के बावजूद पकड़ा नहीं गया। गोकुल गांजा तस्करी के दौरान हाई-टेक तकनीक का इस्तेमाल करता था। ट्रक में एक गुप्त तहखाना बनवाया गया था, जिसे वेल्डिंग कर छुपाया जाता था। इसमें एक छोटा सा होल रखा जाता था, जिसमें 10–12 साल का बच्चा ही अंदर घुस सके। इतना ही नहीं ट्रक में तीन जीपीएस लगवाता था। एक ड्राइवर केबिन में, एक माल में और तीसरा ट्रक की बॉडी में। वह ड्राइवरों से कभी आमने-सामने नहीं मिलता था और वीपीएन के जरिए विदेशी नंबरों से संपर्क करता था।

### ओडिशा से शेखावाटी के लिए थी गांजे की खेप

एडीजी क्राइम दिनेश एमएन ने बताया कि गांजे की यह खेप ओडिशा से शेखावाटी के बड़े तस्करों राजू पचलंगी और गोकुल के लिए लाई जा रही थी। ट्रक चालक की सीट के पीछे बने गुप्त केबिन में गांजे के कट्टे रखे गए थे। ट्रक को उदयपुरवाटी थाना इलाके में नाकाबंदी कर पकड़ा गया। इसके बाद झुंझुनूं एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय के नेतृत्व में उदयपुरवाटी थाना पुलिस ने मौके से दो तस्कर सुभाष गुर्जर निवासी जाजोद सीकर और प्रमोद गुर्जर दांतारामगढ़ सीकर को गिरफ्तार किया गया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है।

### तीन दिन तक एमपी बॉर्डर से पीछा कर पकड़ा

एजीटीएफ टीम ने तकनीकी संसाधनों और आसूचना के आधार पर तीन दिन तक एमपी बॉर्डर पर ट्रक की हर मूवमेंट ट्रैक की। पूरी कार्रवाई एएसपी सिद्धांत शर्मा के सुपरविजन और इंस्पेक्टर सुभाष सिंह के नेतृत्व में की गई। टीम में एएसआई शंकर दयाल शर्मा, हेड कांस्टेबल संदीप गांधी, कमल सिंह और शशिकांत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## बाय का दो दिवसीय दशहरा मेला संपन्न



बढ़ता राजस्थान

**रींगस(हनुमान सिंह बुरानियां)।** सीकर शेखावाटी क्षेत्र का प्रसिद्ध बाय का दो दिवसीय दशहरा मेला सूर्य देव की झांकी के साथ संपन्न हुआ।दो दिवसीय दशहरा मेला में भगवान श्री लक्षनाथ की महाआरती के बाद बिमला देवी पत्नी स्व.रामगोपाल मिश्रा और उनके पुत्र मुकेश,राजेंद्र मिश्रा हाल निवास दुबई ने फीता काटकर शुभारंभ किया गया।श्री लक्ष्मीनाथ चौक में केकई सवाद,सूर्पनखा का नाक कान काटना,सीता हरण का संजीव चित्रण किया गया।दशहरा मैदान में राम और रावण की सेना के बीच युद्ध किया गया जिसमें जटायू युद्ध, लक्ष्मण शक्तिबाण,मेघनाद-कुंभकर्ण का वध और राम और रावण का घमासान युद्ध मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा।रावण वध के बाद में भगवान श्री राम का विजय जुलूस निकाला गया।रात के कार्यक्रम में राजस्थानी कॉमिक,बाल विवाह के खिलाफ बूढ़ा बिंद,रींगस का भेरू,दुर्गा,लक्ष्मीनाथ,नरसिंह,वराह, काली माता,सूर्यदेव की झांकी के साथ मेला संपन्न हुआ।मुस्लिम समुदाय शरीफ मोहम्मद कलाल,मुनि बानो,फारुक मोहम्मद शहजाद मोहम्मद और उनके परिवार रिश्तेदारो ने भगवान श्री राम की शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और सांप्रदायिक एकता का परिचय दिया।प्रवासी बंधु भी दशहरे मेले में पहुंच कर अपनी सहभागिता निभाई और तन मन धन से सहयोग भी किया।श्री दशहरा मेला समिति के अध्यक्ष प्रहलाद सहाय मिश्रा और मंत्री नौरंग सहाय भारतीय ने सभी को धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

## महर्षि वाल्मीकि जयंती पर राजकीय अवकाश घोषित कराने की मांग जिला कलक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन




बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** महर्षि वाल्मीकि जयंती पर राजकीय अवकाश घोषित कराने की मांग को लेकर शुक्रवार को वाल्मीकि सेना प्रमुख अनिल वाल्मीकि के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी के नाम संस्थापन अधिकारी रामनिवास सैनी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि महर्षि वाल्मीकि ने आदिकाव्य रामायण की रचना की और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। उनकी जयंती को राज्य स्तर पर मान्यता दी जाकर राजकीय अवकाश घोषित किया जायें। पार्षद उमेश आर्य ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि भारतीय संस्कृति के महान दार्शनिक और समाज सुधारक थे। उनके योगदान को नई पीढ़ी तक पहुँचाने के लिये आवश्यक है कि उनकी जयंती पर राज्य सरकार सार्वजनिक अवकाश घोषित करें। इस दौरान प्रदीप सिंघेलिया, लल्लूराम, पार्षद ताराचंद वाल्मीकि, रामू वाल्मीकि, प्रहलाद चंद वाल्मीकि, संजय घोघलिया, गोपाल वाल्मीकि, धनराज वाल्मीकि, जितेन्द्र सिंघल समेत अन्य मौजूद रहें।

## दिया कुमारी ने समीक्षा बैठक में पर्यटन और कला, साहित्य एवं संस्कृति विभाग से जुड़े विभिन्न योजनाओं की प्रगति में लाने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** उप मुख्यमंत्री एवं पर्यटन मंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में सोमवार को प्रमुख शासन सचिव पर्यटन श्री राजेश यादव, पर्यटन आयुक्त रुक्मणि रियाड़ तथा पर्यटन विभाग एवं कला, साहित्य एवं संस्कृति विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में पर्यटन विभाग एवं कला, साहित्य एवं संस्कृति विभाग से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों एवं योजनाओं तथा महत्वपूर्ण बिंदुओं की पर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उपमुख्यमंत्री ने बैठक में पर्यटन ऐप, पर्यटन केंद्र, बावरी रेस्टोरेशन, वार म्यूजियम, गोविन्द देव जी मंदिर विकास, शेखावाटी हवेलियों, रोप-वे,हो हो (होप ऑन होप ऑफ),स्काई डाइविंग,खाटू श्याम जी, जयपुर में कॉन्सेर्ट एरिया, मलासेरी, ट्राईबल सर्किट, आमेर विकास, जे के के, शिल्पग्राम जैसे विकास कार्यों पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। इसी प्रकार एडवेंचर पॉलिसी एवं फिल्म पॉलिसी पर भी चर्चा कर उन्होंने आवश्यक निर्देश दिए। दिया कुमारी ने पर्यटन और कला, साहित्य एवं संस्कृति विभाग से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए साथ समय बद्धता से लक्ष्यों को प्राप्त करने के भी निर्देश दिए।



## पुलिस हेड कांस्टेबल को पन्द्रह हजार रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की झुंझुनूं टीम ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना रानोली जिला सीकर पुलिस हेड कांस्टेबल रामनिवास को पन्द्रह हजार रुपये की रिश्वत पकड़ा गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि एसीबी टीम झुंझुनूं को परिवादी ने शिकायत दी कि उसके भतीजे के विरुद्ध पुलिस थाना रानोली में गुमशुदा (महिला)की गुमशुदगी दर्ज थी। जिसमें आरोपित के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं करने की एवज में पुलिस हेड कांस्टेबल रामनिवास 20 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा था। प्राप्त शिकायत पर गोपनीय रिश्वत मांग सत्यापन के दौरान पुलिस हेड कांस्टेबल रामनिवास की ओर से परिवादी के भतीजे की मदद करने की एवज में 15 हजार रुपये रिश्वत की मांग करना पाया गया। जिसके बाद एसीबी झुंझुनूं टीम के पुलिस उप अधीक्षक शब्बीर खान ने ट्रेप की कार्रवाई करते हुए पुलिस हेड कांस्टेबल रामनिवास को 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।

### जंगल में जाने के बाद पर्यटकों की गाड़ियां हुई रवाना

# सिंह द्वार पर सुल्ताना का कैटवॉक... 10 मिनट तक थमा यातायात, रोमांचित हुए पर्यटक

बढ़ता राजस्थान

**रणथंभौर।** रणथंभौर टाइगर रिजर्व में पर्यटन सीजन के दूसरे दिन शुक्रवार सुबह पर्यटकों को बाघिन 'सुल्ताना' के दीदार हुए। बाघिन टी-107 (सुल्ताना) सफारी की पहली पारी के दौरान सिंह द्वार पर चहलकदमी करती नजर आई, जिससे करीब 10 मिनट तक पर्यटकों के वाहन रुके रहे और यातायात प्रभावित रहा। बाघिन के सड़क से हटने और जंगल में जाने के बाद यातायात सुचारू हो सका। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह जब पर्यटक जंगल सफारी कर लौट रहे थे। इसी दौरान सिंह द्वार पर वन विभाग द्वारा गाइड और ड्राइवर की जानकारी स्कैन करने वाली क्यूआर कोड मशीन में तकनीकी खराबी आ गई। इसके चलते वहां वाहनों की कतारें लग गई। इसी बीच जंगल से निकलकर बाघिन सुल्ताना सड़क पर आ गई और गणेश मंदिर मार्ग पर करीब 10 मिनट तक चहलकदमी करती रही। बाघिन को



देख पर्यटक और श्रद्धालु रोमांचित हो उठे। कई पर्यटकों ने इस दृश्य को अपने कैमरों में कैद किया। सुल्ताना की मौजूदगी के कारण करीब 15 मिनट तक यातायात थमा रहा। जब बाघिन सड़क से हटकर जंगल की ओर चली गई। इसके बाद यातायात सामान्य हो सका।

### बाघिन टी-39 की बेटी है सुल्ताना

बाघिन टी-107 (सुल्ताना) रणथंभौर की प्रसिद्ध बाघिन टी-39 नूर की बेटी है, जिसकी उम्र करीब 9 वर्ष है। नवंबर 2020 में अमरेश्वर वन क्षेत्र में सुल्ताना पहली बार दो शावकों के साथ कैमरा ट्रैप में नजर आई थी। इसके बाद 2022 में उसने दो और शावकों को जन्म दिया, जिसमें से एक शावक मिश्रदर्रा गेट स्थित गौमुख कुंड में गिर गया था। अगस्त 2023 में उसने तीन शावकों को जन्म दिया और इस वर्ष अप्रैल में भी सुल्ताना ने नए शावकों को जन्म दिया है।

### बड़ी संख्या में पहुंचे पर्यटक

रणथंभौर में गुरुवार को पर्यटन सत्र की शुरुआत हुई, जिसमें बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचे। पहले ही दिन पर्यटकों ने जंगल सफारी में बाघ और बाघिनों के दीदार किए। अगले दिन शुक्रवार को जंगल से लौटते समय सुल्ताना के अचानक प्रकट होने से रोमांच और बढ़ गया। वन्यजीव प्रेमियों के लिए यह अनुभव यादगार बन गया।

## बाहरी लोग जबरन घुसे, हिंसक झड़प में 8 घायल

**हनुमानगढ़।** गोलूवाला कस्बे में गुरुद्वारा मेहताबगढ़ साहिब में प्रबंधन कमेटी को लेकर लंबे समय से चल रहे विवाद ने शुक्रवार को हिंसक रूप ले लिया। सुबह करीब 3 बजे एक पक्ष के 50 से ज्यादा लोगों ने गुरुद्वारे में जबरन घुसकर कब्जा करने की कोशिश की। इस दौरान वहां मौजूद दूसरे पक्ष के साथ कहासुनी के बाद झड़प हो गई। इसमें बच्चों समेत करीब 8 लोग घायल हो गए। इनके हाथ, पैर और सिर में चोट आई है। कई घायलों को स्थानीय अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद श्रीगंगानगर जिला हॉस्पिटल रेफर किया गया। सूचना पर एसडीएम उमा मित्तल, संगरिया एसडीएम जय कौशिक और सीओ मीनाक्षी सहारण के साथ गोलूवाला थाना पुलिस मौके पर पहुंची। हालात बिगड़ते देख प्रशासन ने 15 थानों की पुलिस और RAC के जवानों को तैनात किया। एहतियात के तौर पर कस्बे में स्कूलों की छुट्टी कर दी गई। प्रशासन ने गोलूवाला में धारा 163 लागू कर दी। फिलहाल इलाके में पुलिस की निगरानी में हालात काबू में हैं, लेकिन तनाव बना हुआ है। वहीं, पुलिस ने 17 नामजद और अन्य के खिलाफ जानलेवा हमले व राजकार्य में बाधा पहुंचाने का मामला दर्ज किया है एसपी हरि शंकर ने बताया कि गुरुद्वारा में मुख्य ग्रंथी (प्रबंधक) को हटाने की मांग को लेकर दो पक्ष लंबे समय से आमने-सामने हैं। गोलूवाला कस्बा सिख संगत और मुख्य प्रबंधक बीबी हरमीत कौर के पक्ष में गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी की जिम्मेदारी को लेकर विवाद है। 2009 में संत बाबा अमृतपाल सिंह गोलूवाला के गुरुद्वारा मेहताबगढ़ साहिब के मुख्य प्रबंधक थे। वे करीब 7 साल तक मुख्य प्रबंधक रहे। 2016 में पंजाब में संत बाबा अमृतपाल सिंह की हत्या हो गई। इसके बाद अमृतपाल सिंह की पत्नी बीबी हरमीत कौर को गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी का पदभार सौंपा गया। पिछले दो महीने

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।